www.bharatsamvad.live

R.N.I.No- MAHHIN/2017/74173

सत्य का स्वर

# भारत संवाद

मुंबई, प्रयागराज और लखनऊ से प्रकाशित

**मौसम**

अधिकतम तापमान 34.c

26.c न्यूनतम तापमान

**बाजार**

सोना 88.390g

चांदी 91.500kg

सोशल मीडिया पर भारत संवाद

https://x.com/BharatSamvad

www.facebook.com/bharatsamvad.in

www.youtube.com/@BharatSamvad-m3n

E-Paper bharatsamvad.live

2 वैचारिक अंतर्द्वंद्व से त्रस्त कांग्रेस, पार्टी के अंदर एक-दूसरे को लेकर संदेह का माहौल

रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव 04

वर्ष :08 | अंक :263 | मुंबई ,रविवार , 16 मार्च , 2025 | पृष्ठ : 06 | मूल्य : 2: 00 रुपए

**संक्षिप्त समाचार**

### बीरभूम के सैंथिया में दो गुटों के बीच हिंसक झड़प, इंटरनेट सेवा पुलिस ने की सस्पेंड

पश्चिम बंगाल में दो गुटों के बीच झड़प हो गई है। ये झड़प होली के दिन शुक्रवार दोपहर में बीरभूम के सैंथिया में दो गुटों के बीच हुई है। इस झड़प का कारण था कि दो गुटों में वाद विवाद हो गया था। इस झड़प का कारण था कि एक गुट के लोग नशे में थे जिससे लड़ाई हो गई। दोनों ग्रुप में हाथापाई हुई और पत्थरबाजी की घटना भी हुई है। इस घटना में हालात काफी खराब हो गए थे, जिसके बाद स्थिति को संभालने के लिए पुलिस बल को भेजा गया। पुलिस के मुताबिक आगजनी नहीं हुआ है। इस घटना में शामिल 20 लोगों को पुलिस हिरासत में ले चुकी है। पुलिस ने ऐहतियात के तौर पर फर्जी सूचनाओं को फैलने से रोकने के लिए सैंथिया शहर में इंटरनेट सेवा को बंद कर दिया है। इसके आस पास के पांच ग्राम पंचायतों और पास के इलाकों में भी इंटरनेट सेवा बाधित की गई है। पुलिस अधिकारियों का कहना है कि अफवाहों और अन्य असामाजित गतिविधियों पर रोक लगाने के उद्देश्य से पश्चिम बंगाल के बीरभूम जिले, सैंथिया शहर और आसपास के इलाकों में इंटरनेट सेवा बाधित की गई है। पूरे इलाके में 14 मार्च से 17 मार्च तक इंटरनेट सेवा बाधित रहेगी।

### कश्मीर घाटी में ताजा हिमपात, मैदानी इलाकों में भी गिरी बर्फ

कश्मीर के कई इलाकों में शनिवार को हिमपात हुआ जबकि कुछ हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। अधिकारियों ने बताया कि अनंतनाग, कुलगाम, शोपियां और पुलवामा जिलों के मैदानी इलाकों में बर्फबारी हुई। इसके अलावा, गुलमर्ग, सोनमर्ग और पहलगाम जैसे पर्यटन स्थलों पर भी हिमपात दर्ज किया गया। उन्होंने कहा कि बांदीपोरा जिले के गुरेज, कुपवाड़ा के कुछ इलाकों और घाटी के ऊंचाई वाले क्षेत्रों में भी बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि कश्मीर के अन्य हिस्सों में हल्की से मध्यम बारिश दर्ज की गई। मौसम विभाग के अनुसार, अधिकांश स्थानों पर शनिवार को रुक-रुककर हल्की से मध्यम बारिश होगी जबकि ऊंचाई वाले इलाकों में बर्फबारी जारी रह सकती है। कई इलाकों में रविवार सुबह हल्की बारिश हो सकती है और दोपहर तक मौसम में सुधार होने की संभावना है। इसने कहा कि बर्फबारी और बारिश से तापमान में गिरावट दर्ज की गई है जिससे घाटी में ठंड बढ़ गई है।

# कांग्रेस सरकार ने मुझे असम में पीटा:अमित शाह

## मित शाह ने लचित बरफुकन पुलिस अकादमी का उद्घाटन, असम सीएम सरमा भी रहे मौजूद

**उद्घाटन**

अकादमी 340 एकड़ में फैली हुई है और इसे दो चरणों में 1,024 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पुनर्निर्मित किया जा रहा है। 167.4 करोड़ रुपये की लागत वाले पहले चरण में पांच मंजिला इमारत शामिल है जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, एक हथियार सिम्युलेटर, अनुसंधान प्रयोगशालाएं और प्रशासनिक कार्यालय, अन्य सुविधाओं के अलावा एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड शामिल है।



एजेंसी

असम। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने शनिवार को असम के गोलाघाट जिले में लछित बरफुकन के नाम पर पुनर्निर्मित पुलिस अकादमी के पहले चरण का उद्घाटन किया। जिले के डेरगांव में पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया गया। शाह ने अगले चरण की आधारशिला भी रखी। उद्घाटन के बाद शाह को डीजीपी हरमीत सिंह ने 'लछित बरफुकन पुलिस अकादमी' में सुविधाओं से अवगत कराया। इसके बाद शाह ने भवन का दौरा किया। गृह मंत्री के साथ राज्य के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा और केंद्रीय मंत्री सबार्नंद सोनोवाल समेत अन्य लोग मौजूद थे। शाह पूर्वोत्तर के दो राज्यों असम और मिजोरम के तीन दिवसीय दौरे पर शुक्रवार शाम डेरगांव पहुंचे।

एक अधिकारी ने बताया कि अकादमी 340 एकड़ में फैली हुई है और इसे दो चरणों में 1,024 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से पुनर्निर्मित किया जा रहा है। 167.4 करोड़ रुपये की लागत वाले पहले चरण में पांच मंजिला इमारत शामिल है जिसमें स्मार्ट क्लासरूम, एक हथियार सिम्युलेटर, अनुसंधान प्रयोगशालाएं और प्रशासनिक कार्यालय, अन्य सुविधाओं के अलावा एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड शामिल है। एक अधिकारी ने कहा कि यह आधुनिक बुनियादी ढांचा प्रशिक्षुओं को पुलिस प्रशिक्षण के सैद्धांतिक और व्यावहारिक दोनों पहलुओं को सहजता से देने के लिए डिजाइन किया गया है। उन्होंने कहा कि हथियार प्रशिक्षण सिम्युलेटर जोखिम, खतरों और लागतों को शामिल किए बिना पूरी तरह से सुरक्षित वातावरण में वास्तविक दुनिया के युद्ध परिदृश्यों के लिए कानून प्रवर्तन अधिकारियों को तैयार करने में मदद करेगा। अधिकारी ने बताया कि पहले चरण के तहत एक संग्रहालय और एक आधुनिक परेड ग्राउंड का भी निर्माण किया गया है। दूसरे चरण में, अकादमी में आवासीय बुनियादी ढांचे को 425.48 करोड़ रुपये में विकसित करने का प्रस्ताव है।

**असम में शाह के कार्यक्रम**

शनिवार सुबह मिजोरम रवाना होने से पहले गृहमंत्री शाह अत्यधुनिक पुलिस अकादमी का उद्घाटन किया। अधिकारियों ने बताया कि 340 एकड़ में फैली लाचित बरफुकन पुलिस अकादमी का दो चरणों में 1,024 करोड़ रुपए की अनुमानित लागत से नवीनीकरण किया जा रहा है। वे गुवाहाटी के कोइनाधारा स्थित राज्य अतिथि गृह में रात्रि विश्राम करेंगे। रविवार सुबह गृह मंत्री ऑल बोडो स्टूडेंट्स यूनियन (एबीएसयू) के 57वें वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करने के लिए असम के कोकराझार जिले के डोटमा के लिए रवाना होंगे। शाह दोपहर में गुवाहाटी लौटेंगे और पूर्वोत्तर क्षेत्र के आठ राज्यों के मुख्यमंत्रियों के साथ भारतीय न्याय संहिता की प्रगति की समीक्षा करेंगे। शाह रविवार रात दिल्ली रवाना हो जाएंगे।

# रामनवमी पर प्रशासन से अनुमति लिये बिना निकालें शोभा यात्राएं: शुभेंदु अधिकारी

## शुभेंदु अधिकारी के आह्वान से गर्माई पश्चिम बंगाल की राजनीति

शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में एक कार्यक्रम के दौरान रामनवमी की रैलियों के आयोजकों से रैली निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं लेने का आह्वान किया और कहा कि, हमें भगवान राम की पूजा करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है।



एजेंसी


होली के बाद अब रामनवमी को लेकर पश्चिम बंगाल की राजनीति गर्मा गयी है। हम आपको बता दें कि इस साल रामनवमी का पर्व 6 अप्रैल को पड़ रहा है। बंगाल में हाल के वर्षों में रामनवमी पर निकाली जाने वाली शोभा यात्रा के दौरान टकराव तथा हिंसा की खबरें आम रही हैं इसलिए इस बार की रामनवमी से पहले माहौल को गमार्ने की जो राजनीति चल रही है वह चिंताजनक है। हम आपको बता दें कि पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता शुभेंदु अधिकारी ने कहा है कि छह अप्रैल को पश्चिम बंगाल में रामनवमी की करीब 2,000 रैलियों का आयोजन होगा, जिसमें एक करोड़ से अधिक हिंदू शामिल होंगे। शुभेंदु अधिकारी ने पूर्व मेदिनीपुर जिले में अपने निर्वाचन क्षेत्र नंदीग्राम में एक कार्यक्रम के दौरान रामनवमी की रैलियों के आयोजकों से रैली निकालने के लिए प्रशासन से अनुमति नहीं लेने का आह्वान किया और कहा कि, हमें भगवान राम की पूजा करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

पश्चिम बंगाल विधानसभा में विपक्ष के नेता ने कहा, पिछले वर्ष रामनवमी की लगभग 1,000 रैलियों में लगभग 50,000 हिंदुओं ने भाग लिया था। इस वर्ष, कम से कम एक करोड़ हिंदू राज्य भर में सड़कों पर उतरेंगे और छह अप्रैल को 2,000 रैलियां निकालेंगे। भाजपा नेता शुभेंदु अधिकारी ने किसी समुदाय का नाम लिये बिना कहा, रैलियां निकालने के लिए प्रशासन से कोई अनुमति न लें। हमें भगवान राम की पूजा करने के लिए अनुमति की आवश्यकता नहीं है।

# तमिलनाडु के नेता पाखंडी:पवन कल्याण

## तमिल फिल्में डब क्यों कराते हैं; प्रकाश राज ने कहा- आपकी हिंदी हम पर मत थोपिए

**डीएमके ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित त्रि-भाषा फॉमूर्ले के माध्यम से राज्य में हिंदी भाषा को शामिल करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को अपनी पार्टी के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर अभिनेता से नेता बने इस शख्स ने देश की अखंडता को बनाए रखने और लोगों के बीच प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए भाषाई विविधता को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया।**



एजेंसी

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री और जनसेना पार्टी के प्रमुख पवन कल्याण ने भाषा विवाद में भारतीय जनता पार्टी का समर्थन किया है। पवन कल्याण ने तमिलनाडु के राजनेताओं की आलोचना की है। तमिलनाडु के राजनेताओं की पवन कल्याण ने जमकर आलोचना की है। उन्होंने कहा कि वो हिंदी का विरोध कर रहे है। आर्थिक लाभ पाने के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति भी दे रहे है। डीएमके ने नई राष्ट्रीय शिक्षा नीति में प्रस्तावित त्रि-भाषा फॉमूर्ले के माध्यम से राज्य में हिंदी भाषा को शामिल करने का आरोप लगाया है। शुक्रवार को अपनी पार्टी के 11वें स्थापना दिवस के अवसर पर अभिनेता से नेता बने इस शख्स ने देश की अखंडता को बनाए रखने और लोगों के बीच प्रेम और एकता को बढ़ावा देने के लिए भाषाई विविधता को अपनाने की आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने कहा भारत को तमिल समेत कई भाषाओं की जरूरत है, न कि सिर्फ दो भाषाओं की। डीएमके सरकार की आलोचना करते हुए कल्याण ने कहा, मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना क्यों करते हैं। तमिलनाडु के राजनेता हिंदी का विरोध क्यों करते हैं जबकि वित्तीय लाभ के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं?

**भाजपा ने सराहना की, प्रकाश राज ने नाराजगी जताई**

कल्याण की टिप्पणी की भाजपा ने सराहना की। पूर्व केंद्रीय मंत्री राजीव चंद्रशेखर ने कहा, किसी भी वंशवादी को, जिसमें एमके स्टालिन के बदमाशों का दल भी शामिल है, अपनी अवसरवादी राजनीति के कारण भारतीयों को विभाजित करने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। उन्होंने कहा, इस प्रकार की विभाजनकारी राजनीति केवल लोगों को महत्वपूर्ण प्रश्न पूछने से विचलित करने के लिए है - पिछले 5 वर्षों में लोगों और परिवारों के जीवन को बेहतर बनाने के लिए ने क्या किया? कुछ भी नहीं। भाजपा प्रवक्ता रचना रेड्डी ने कहा कि कल्याण ने स्पष्ट किया कि युवा दिमाग को बढ़ावा देने के लिए कई भाषाओं की आवश्यकता है। तमिलनाडु में यह असुरक्षा क्यों है जो किसी अन्य राज्य में नहीं है? हमारे स्कूलों में हमेशा तीन-भाषा प्रणाली थी।

### स्वर्ण मंदिर के अंदर एक शख्स ने श्रद्धालुओं पर लोहे के पाइप से किया हमला, पांच घायल

एजेंसी

चंडीगढ़ः अमृतसर में शुक्रवार को स्वर्ण मंदिर परिसर में हुई झड़प में कम से कम पांच लोग घायल हो गए. न्यूज एजेंसी अठक के अनुसार डॉक्टरों ने कहा कि एक पीड़ित की हालत गंभीर है और उसे इंटेंसिव केयर यूनिट में भर्ती कराया गया है, जिसे अस्पताल शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक कमेटी चलाती है.जानकारी के मुताबिक श्री गुरु रामदास सराय में कथित तौर पर जुल्फान नामक हमलावर ने लोगों पर लोहे के पाइप से हमला किया. यह तीर्थयात्रियों के लिए ठहरने की सुविधा है. बाद में उसे पुलिस के हवाले कर दिया गया।

# होली-जुमा पर 4 राज्यों में हिंसा, एएसआई की मौत

## बिहार-झारखंड और पंजाब में दो गुटों में पथराव; बंगाल के बीरभूम में इंटरनेट बंद

**2. बिहार के पटना में दो गुटों में पथराव, पुलिस को खदेड़ा, वाहनों में तोड़फोड़ की**

पटना के सहनौरा गांव में होलिका दहन को लेकर दो पक्षों में शुक्रवार को झड़प हो गई। एक पक्ष ने सड़क पर होलिका दहन किया, जिसका दूसरे पक्ष ने विरोध किया। दोपहर करीब 1 बजे स्थिति बिगड़ गई और दोनों पक्षों में जमकर पत्थरबाजी हुई। मौके पर पहुंची पुलिस टीम को भी लोगों ने खदेड़ दिया। पुलिस की गाड़ी पर भी पत्थर फेंके गए।




एजेंसी

होली और जुमा पर शुक्रवार को 4 राज्यों में हिंसक घटनाएं हुईं। बिहार के मुंगेर में ग्रामीणों के हमले में एक अरक की मौत हो गई। पटना में दो गुटों में होलिका दहन का विवाद होली के दिन पथराव तक पहुंच गया। पुलिस की गाड़ी के शीशे तोड़ दिए गए। यहां फायरिंग की भी खबर है।

झारखंड के गिरिडीह में होली के दिन दो गुटों में पथराव के बाद उपद्रवियों ने दुकानों और बाइक में आग लगा दी। विवाद किस बात को लेकर था, यह साफ नहीं हो पाया है। पुलिस इसकी जांच कर रही है।पंजाब के लुधियाना में दो समुदायों के बीच ईंट-पत्थर और बोतलें चलीं। झड़प में 11 लोग घायल हुए हैं। विशेष समुदाय के लोगों का कहना है कि नमाज अदा करते वक्त पथराव किया गया। वहीं दूसरे पक्ष का कहना है कि पहले मस्जिद की तरफ ईंट फेंकी गई। कई वाहनों में भी तोड़फोड़ हुई है।पश्चिम बंगाल में भी हिंसा हुई है। भाजपा ने नंदीग्राम में मूर्ति तोड़ने का आरोप लगाया है। भाजपा कळ सेल के प्रमुख अमित मालवीय ने भी तस्वीरें पोस्ट की हैं। मालवीय ने आरोप लगाया कि बरुईपुर, जादवपुर और मुर्शिदाबाद समेत पूरे प्रदेश में इसी तरह की घटनाएं सामने आई हैं।बंगाल के ही बीरभूम में 17 मार्च तक इंटरनेट बंद कर दिया गया है। अधिकारियों के मुताबिक यह कदम अफवाहों को रोकने के लिए उठाया गया है। जिले में पत्थरबाजी की घटना के बाद संवेदनशील इलाकों में भारी पुलिस बल तैनात की गई है।

# जो पाकिस्तान गए वो कायर, हम भागेंगे नहीं

## मस्जिदों को कवर करने पर भड़के ओवैसी

तेलंगाना के हैदराबाद में चौक-ए-मस्जिद में एक सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि अगर आप इतने डरे हुए हैं, तो आपको नमाज नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर रहना चाहिए। वे कहते हैं कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, या फिर घर के अंदर रहना चाहिए।

एजेंसी

एआईएमआईएम प्रमुख और लोकसभा सांसद असदुद्दीन ओवैसी ने मुसलमानों से होली के दौरान घर के अंदर रहने या खुद को ढकने के आह्वान के बाद एक तीखा संदेश दिया। उन्होंने समुदाय की ताकत का परिचय देते हुए कहा कि हम भागेंगे नहीं, हम कायर नहीं हैं।



तेलंगाना के हैदराबाद में चौक-ए-मस्जिद में एक सभा को संबोधित करते हुए ओवैसी ने कहा कि कुछ लोग कहते हैं कि अगर आप इतने डरे हुए हैं, तो आपको नमाज नहीं पढ़नी चाहिए और घर के अंदर रहना चाहिए। वे कहते हैं कि जैसे हमने अपनी मस्जिदों को ढक रखा है, वैसे ही हमें खुद को भी ढकना चाहिए, या फिर घर के अंदर रहना चाहिए। उनकी टिप्पणी कुछ अधिकारियों के बयानों के जवाब में आई है, जिसमें मुसलमानों को सलाह दी गई है कि अगर वे होली के दौरान रंग नहीं लगाना चाहते हैं तो उन्हें घर के अंदर रहना चाहिए। उल्लेखनीय है कि 6 मार्च को उत्तर प्रदेश के संभल में सर्किल ऑफिसर अनुज चौधरी ने सुझाव दिया था।

# बाइक रोकी, ग्रेनेड फेंका और हो गया धमाका...

## अमृतसर के मंदिर पर हमले का सीसीटीवी वीडियो आया सामने

ऊपरी मंजिल पर रहने वाले पुजारी और उनके परिवार को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। घटना के बाद वरिष्ठ पुलिस अधिकारी मौके पर पहुंचे और जांच शुरू कर दी गई है। यह हमला पहली बार हुआ है जब किसी धार्मिक स्थल को बदमाशों ने निशाना बनाया है, क्योंकि इस क्षेत्र में पिछली घटनाओं में मुख्य रूप से विदेशी गैंगस्टर शामिल थे जो पुलिस प्रतिष्ठानों को निशाना बनाकर आतंकवादी बन गए थे।



एजेंसी

अमृतसर के मंदिर में ग्रैनेड से हमला हुआ है। बाइकसवार बदमाशों ने मंदिर पर ग्रेनेड फेंका है। 14 मार्च की देर रात खंडवाला इलाके में उस समय दहशत फैल गई जब मोटरसाइकिल सवार दो हथियारबंद लोगों ने यहां एक मंदिर पर हथगोला फेंका। घटना के सीसीटीवी फुटेज में संदिग्धों को आधी रात को ग्रेनेड फेंकते हुए दिखाया गया है। विस्फोट में मंदिर की दीवार क्षतिग्रस्त हो गई, लेकिन किसी के घायल होने की खबर नहीं है।

**बयान** एएसआई संतोष कुमार की मौत के बाद डिप्टी सीएम का बड़ा बयान

# सरकार की तरफ से खुली छूट है, एनकाउंटर की जरूरत हो तो करो

एजेंसी



बिहार। बिहार के मुंगेर जिले के नंदलपुर गांव में एक परिवार द्वारा कथित तौर पर हमला किए जाने के बाद सहायक उपनिरीक्षक (एएसआई) संतोष कुमार सिंह ने 14 मार्च को पटना के एक अस्पताल में दम तोड़ दिया। एसडीपीओ अभिषेक आनंद के अनुसार, एएसआई संतोष कुमार सिंह की मुंगेर में कुछ लोगों द्वारा किए गए हमले के बाद मौत हो गई। वह मुफस्सिल पुलिस स्टेशन की सीमा के अंतर्गत नंदलपुर गांव में रणवीर कुमार नामक एक व्यक्ति के परिवार द्वारा को सुलझाने का प्रयास कर रहे थे। इस दौरान एएसआई संतोष कुमार पर धारदार हथियार से किसी ने हमला कर दिया। इस हमले में वो गंभीर रूप से घायल हो गए थे। हमले के बाद पुलिस टीम ने आरोपी गुड्डू यादव को गिरफ्तार कर लिया। टीम उसे लेकर मुख्य आरोपी को पकड़ने जा रही थी। इसी दौरान गाड़ी हादसे का शिकार हो गई। इसमें रल्ड सहित 4 पुलिसकर्मी घायल हो गए हैं। पुलिस ने बताया कि हादसे के बाद गिरफ्तार गुड्डू यादव ने सिपाही का हथियार छीन लिया। आत्मरक्षा में पुलिस ने अपराधी को पैर में गोली मारी, जिससे वो घायल हो गया। सदर अस्पताल में इलाज चल रहा है। बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मी की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घटना दुखद है। मामले में सरकार कार्रवाई करेगी. अपराध को खत्म करने के लिए सरकार कार्रवाई कर रही है। सुशासन के लिए हम सत्ता में हैं और एक्शन लेंगे। प्रशासन पर कोई हमला नहीं कर सकता। लोगों को चिन्हित करेंगे और प्रशासन समझाएगा। अपराधी जो भाषा में समझता है उसी भाषा में समझाएं। अगर एनकाउंटर की जरूरत हो तो करो। सरकार की तरफ से खुली छूट है जिस भाषा में अपराधी समझता है उस भाषा में समझाएं। अधिकारी ने बताया कि कथित तौर पर नशे में धुत हमलावर फरार हो गए हैं और उन्हें पकड़ने के लिए पुलिस टीमें गठित की गई हैं। घटना का ब्यौरा साझा करते हुए एसपी मसूद ने बताया, घटना तब सामने आई जब मुंगेर पुलिस को देर शाम सूचना मिली कि नंदलपुर गांव में एक परिवार शराब के नशे में हंगामा कर रहा है। अपनी टीम के साथ मौके पर पहुंचने पर एएसआई सिंह पर परिवार के सदस्यों ने हमला कर दिया, जिससे उनके सिर पर चोट लग गई और वे गंभीर रूप से घायल हो गए। उन्हें तुरंत इलाज के लिए सदर अस्पताल ले जाया गया और बाद में पटना के एक अस्पताल में रेफर कर दिया गया। एसमी मसूद ने कहा कि हमले के लिए जिम्मेदार परिवार फिलहाल फरार है। हमने उन्हें पकड़ने के लिए टीमें बनाई हैं और जल्द ही गिरफ्तारियां की जाएंगी।

**बिहार के उपमुख्यमंत्री विजय कुमार सिन्हा ने पुलिसकर्मी की मौत पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह घटना दुखद है। मामले में सरकार कार्रवाई करेगी. अपराध को खत्म करने के लिए सरकार कार्रवाई कर रही है। सुशासन के लिए हम सत्ता में हैं और एक्शन लेंगे। प्रशासन पर कोई हमला नहीं कर सकता। लोगों को चिन्हित करेंगे और प्रशासन समझाएगा।**

# किसान नेता राकेश टिकैत की कार से नीलगाय टकराई, बाल-बाल बचे



सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर से लोकसभा सदस्य हरेंद्र सिंह मलिक व अन्य लोगों ने राकेश टिकैत से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना।

एजेंसी


**नयी दिल्ली।** किसान नेता और भारतीय किसान यूनियन के राष्ट्रीय प्रवक्ता राकेश टिकैत की कार से शुक्रवार शाम मुजफ्फरनगर जिले में एक नीलगाय टकरा गई। इस घटना में टिकैत बाल-बाल बच गए। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी। टिकैत के मुताबिक उनकी गाड़ी मीरापुर बाईपास रोड के पास थी तभी अचानक एक नीलगाय सामने आई और उनकी गाड़ी से टकरा गई। इस घटना में वह बाल-बाल बच गए। सूचना मिलने पर उत्तर प्रदेश के मंत्री कपिल देव अग्रवाल और मुजफ्फरनगर से लोकसभा सदस्य हरेंद्र सिंह मलिक व अन्य लोगों ने राकेश टिकैत से उनके आवास पर मुलाकात की और उनका हाल चाल जाना। शुक्रवार को मुजफ्फरनगर में अपने आवास पर पत्रकारों से बातचीत में राकेश टिकैत ने कहा कि नीलगाय गलत दिशा से आई और वाहन से टकरा गई। टिकैत ने कहा, हमने सीट बेल्ट लगाई थी और इससे काफी सुरक्षा मिली। सभी को सीट बेल्ट लगानी चाहिए। अगर गाड़ी छोटी होती और कोई सीट बेल्ट नहीं लगाए होता तो नुकसान ज्यादा हो सकता था। गनर ने सीट बेल्ट लगाई हुई थी, उसे मामूली चोटें आईं। उन्होंने सभी से तेज गति से गाड़ी न चलाने का आग्रह किया।

## सम्पादकीय

# अमेरिका की खनिजों को लेकर साम्राज्यवादी सोच

अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की नजर अब दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों की और है। ट्रम्प का यह अब यह छिपा एजेण्डा भी नहीं रहा क्योंकि यूक्रेन को सहायता के बदले उसकी खनिज संपदा के प्रबंधन का जिम्मा अमेरिका लेने के लिए यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की पर लगातार दबाव ड़ाल रहे हैं। यूक्रेन 500 करोड़ अमेरिकी डॉलर की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका के साथ समझौता करने को भी लगभग तैयार हो गया पर पिछले दिनों जेलेंस्की की अमेरिका यात्रा के दौरान ट्रम्प और जेलेंस्की में जिस तरह की कड़बाहट भरी नोकझोंक हुई है उसने इस डील को फिलहाल तो कमजोर कर दिया है। हांलाकि यूक्रेन के जेलेंस्की ने यूरोप यात्रा के दौरान राष्ट्रहित में अमेरिका के साथ समझौता करने पर लगभग सहमति वाली बात कही है। उधर रुस नहीं चाहता कि इस तरह का कोई समझौता अमेरिका व रुस के बीच हो, यही कारण है कि रुस ने भी रुस की खनिज संपदा को लेकर अमेरिका से समझौते के लिए खुला निमंत्रण दे दिया है। दरअसल अमेरिका स्वय खनिज संपदा संपन्न देष है। इसके साथ ही खनिज संपदा के मामलें में देखा जाए तो अमेरिका दुनिया का सबसे बड़ा उत्पादक और उपभोक्ता देश है। इसके साथ ही अमेरिका खनिजों खासतौर से दुर्लभ खनिजों के मामलें में चीन का बर्चस्व चीन पर निर्भरता खत्म या यों कहे कम करना चाहता है। इसी कारण से दुनिया के खनिज संपदा संपन्न देशों पर ट्रम्प की ललचाई नजर साफ दिखाई दे रही है। अभी पिछले दिनों ही ट्रम्प ने कनाडा को अमेरिका 51 वां राज्य कहकर संबोधित किया है। उधर कनाडा के राष्ट्रपति जस्टिन ट्रूडो साफ साफ कह चुके हैं कि अमेरिका की नजर कनाड़ा की खनिज संपदा पर है और वह कनाड़ा को अमेरिका का 51वां राज्य बनने के लिए दबाव बनाये हुए हैं। हांलाकि जस्टिन ट्रूडो इसको ट्रम्प का दिवा स्वप्न ही बता रहे हैं। उधर अमेरिका एन केन प्रकारेण अफगानिस्तान में प्रवेश करना चाहता है जहां की खनिज संपदा को वह हथिया सके। हांलाकि तालिबानियों के रहते फिलहाल तो ऐसा संभव नहीं लग रहा है। यह दूसरी बात है कि अमेरिका-रुस के बीच बन रहे नए समीकरणों का भविष्य क्या रहता है? इस पर बहुत कुछ निर्भर करेगा। देखा जाए तो अर्वाचिन काल से ही खनिज संपदा का अपना महत्व रहा है। पर इलेक्ट्रोनिक युग में दुनिया के देशों के लिए खनिज संपदा का महत्व और मांग तेजी से बढ़ गई है। आज विकास की परिकल्पना को खनिजों की उपलब्धता के आधार पर ही साकार किया जा सकता है। नए युग की आवश्यकताओं की पूर्ति इन रेयर खनिजों से ही संभव हो पा रही है। एक समय था जब सोना, चांदी, तांबा आदि की और अधिक ध्यान केन्द्रीत होता था आज उसका स्थान दुर्लभतम खनिज लेते जा रहे हैं।

## आज का विचार




# वैचारिक अंतर्द्वंद्व से ग्रस्त कांग्रेस, पार्टी के अंदर एक-दूसरे को लेकर संदेह का माहौल

**‘महाकुंभ में आध्यात्मिक-सांस्कृतिक-पुनर्जागरण का जो विराट रूप दिखा वह बदलते भारत का प्रमाण था जिसे हर पार्टी के नेताओं का बड़ा वर्ग प्रत्यक्ष महसूस कर रहा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के इस वक्तव्य से बड़े वर्ग की असहमति थी कि क्या गंगा नहाने से गरीबी मिट जाएगी? अनेक कांग्रेसी नेता संगम में डुबकी लगाने गए। इनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी थे’**

हाल में राहुल गांधी गुजरात के दो दिवसीय दौरे पर थे। उन्होंने अहमदाबाद में प्रमुख नेताओं के साथ बैठक में अपने नेताओं को दूसरी पार्टी यानी भाजपा के लिए काम करने का आरोप लगाने से लेकर उन्हें बारात के घोड़े तक की संज्ञा दे दी। उन्होंने भाजपा से मिलकर काम करने वाले 30-40 कांग्रेस नेताओं को निकालने की भी बात कही। गुस्से या खीझ में वक्तव्य देने का केवल गुजरात नहीं, पूरे देश के आम कांग्रेसी कार्यकताओं के अंदर संदेश सकारात्मक नहीं गया होगा। राहुल गांधी और उनके रणनीतिकार कह सकते हैं कि कांग्रेस को जगह-जगह चुनावी जीत दिलाना और राष्ट्रीय स्तर पर भी सत्ता में लाना है तो भितरघात करने वालों तथा पार्टी के विचार और लक्ष्य के अनुरूप न काम करने वालों को बाहर करना पड़ेगा। किसी पार्टी में अगर भितरघाती सक्रिय हों तो इसे सामान्य भाषा में गद्दारी कहते हैं। राहुल की बातों को स्वीकार कर लें तो उन्हें दूसरे दल से मिलकर काम करने वाले नेताओं को बाहर करने से रोकने वाला कोई नहीं है, किंतु यह इतना सामान्य नहीं है। उन्होंने जो कहा, उसका निहितार्थ उतना सपाट भी नहीं है। काफी समय से कांग्रेस में वैचारिक अंतर्द्वंद्व जारी है जो समय-समय उभरता रहता है। केरल में तिरुअनंतपुरम से सांसद और वरिष्ठ नेता शशि थरूर का मामला सामने है। चूंकि थरूर बड़े नेता हैं, इसलिए उनका मामला देशव्यापी चर्चा में आ गया। हर राज्य में ऐसे नेताओं की बड़ी संख्या है, जिन्हें इसी तरह संदेह की दृष्टि से देखा



जा रहा है। जिस पार्टी के अंदर एक-दूसरे को लेकर संदेह का माहौल हो, कल्पना कर सकते हैं कि उसकी दशा क्या होगी। थरूर ने अपने लेखन और वक्तव्य से ऐसे वैचारिक बदलाव का कोई संकेत दिया नहीं है कि वह आरएसएस और भाजपा की विचारधारा के निकट हैं। यह अलग बात है कि सरकार की कई नीतियों खासकर मोदी सरकार की विदेश नीति पर उनके वक्तव्य व्यावहारिक तथ्यों के साथ रहे हैं। सही को सही कहना भी किसी पार्टी में भाजपा समर्थन या आंतरिक अनुशासन तोड़ना है तो इसका कोई रास्ता नहीं है। एक समय प्रधानमंत्री मोदी ने भी तो थरूर के आक्सफोर्ड विश्वविद्यालय में दिए गए भाषण की प्रशंसा की थी। वर्तमान भारतीय राजनीति का सच यह है कि हर पार्टी में प्रकट या मौन हिंदुत्व समर्थक बढ़े हैं। कुछ नेताओं और पार्टियों का इस सच से सामना हुआ है कि किसी भी स्थिति में हिंदुत्व विरोधी दिखने से उनके जनाधार पर विपरीत असर पड़ेगा। उन्हें सार्वजनिक तौर पर स्वयं को हिंदुत्वनिष्ठ-धर्मनिष्ठ प्रदर्शित करना पड़ रहा है। ऐसा करते हुए वे संघ और भाजपा को गलत हिंदुत्ववादी बताते हैं। एक समय राहुल और उनके पूर्व के रणनीतिकार भी धर्मनिष्ठ होने का प्रदर्शन कर रहे थे। वह मंदिर-मंदिर जा रहे थे। उस समय राहुल को जनेऊधारी हिंदू ब्राह्मण बताया गया था। उनकी कैलास मानसरोवर की यात्रा तक हुई। इसके पीछे रणनीति यही थी कि प्रधानमंत्री मोदी का सामना करना है तो कांग्रेस और उसके नेतृत्व को भी हिंदुत्व प्रेरित राष्ट्रवाद पर आना पड़ेगा। कांग्रेस के अनेक नेता सार्वजनिक मंचों से स्वयं को हिंदू और धर्मनिष्ठ कहने लगे थे। क्या वे भाजपा, संघ या मोदी समर्थक हो गए थे? इस समय भारत सहित विश्व भर में एक अजीब किस्म के वामपंथ का प्रभाव दिख रहा है, जो राष्ट्र-राज्य से लेकर सामाजिक-सांस्कृतिक-धार्मिक मामलों और पर्यावरण, विकास, शिक्षा आदि पर अतिवादी विचार अभियान चला रहा है। सारे प्रमुख देशों में इसका असर दिख रहा है। यह सीधे-सीधे नए तरह का फंडामेंटलिज्म है, जिसका भावानुवाद धार्मिक कट्टरता नहीं हो सकता। विदेश यात्राओं में राहुल गांधी को समय-समय पर ऐसे लोगों या समूहों के साथ देखा गया है। उनके रणनीतिकार और सलाहकारों में भी ऐसे लोग हैं। राहुल गांधी का एक आक्रामक वामपंथी नेता का स्वरूप सामने आया है। यह स्वरूप मोदी या हिंदुत्व विचार के पुरोधाओं के विरुद्ध वैचारिक फंडामेंटलिज्म की श्रेणी में ही आएगा। इसमें वोट के लिए कट्टर मुस्लिमवाद को प्रश्रय देने का व्यवहार अपने आप शामिल हो जाता है। गुजरात में कांग्रेस जिले-जिले से टूट कर भाजपा में समाहित होती गई। अन्य राज्यों में भी कांग्रेस की दुर्दशा है। इसके कारणों को समझना होगा। कांग्रेस के अंदर नेताओं-कार्यकताओं के बीच सामंजस्य का गंभीर संकट पैदा हुआ है। असंतुष्ट खेमे जी-23 के पीछे सतह पर अनेक कारण थे, लेकिन उनमें एक प्रमुख वैचारिकी भी था। इन नेताओं को लगा कि देश की मुख्य भावना के विरुद्ध अतिवादी विचार से कांग्रेस का और बंटाधार होगा। राहुल के कई पूर्व निकटस्थ विश्वसनीय सलाहकार मुख्यधारा से बाहर हुए या नेपथ्य में चले गए। भारत की तासीर धर्म और अध्यात्म है। इसका मूल हिंदुत्व में है। हमारा राष्ट्रभाव इसी से उत्प्रेत है। सेक्युलरवाद हमारे यहां सर्वपंथ समभाव है। सच यह है कि राहुल और उनके रणनीतिकारों के व्यवहार से पार्टी के अंदर बड़ी संख्या में लोग असहज महसूस करते हैं। उदाहरण के लिए जब मोदी सरकार अनुच्छेद-370 को निष्प्रभावी बनाने का विधेयक लाई तो कांग्रेस नेतृत्व के विपरीत कई नेताओं ने उसका समर्थन किया। उन्होंने कहा कि 370 हटाना बिल्कुल सही है। अयोध्या में मंदिर निर्माण और रामलला की प्राण प्रतिष्ठा पर भी लगभग हर राज्य से कांग्रेस नेताओं ने केंद्रीय नेतृत्व की भावनाओं के परे रुख अपनाया। महाकुंभ में आध्यात्मिक-सांस्कृतिक-पुनर्जागरण का जो विराट रूप दिखा, वह बदलते भारत का प्रमाण था, जिसे हर पार्टी के नेताओं का बड़ा वर्ग प्रत्यक्ष महसूस कर रहा था। कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे के इस वक्तव्य से बड़े वर्ग की असहमति थी कि क्या गंगा नहाने से गरीबी मिट जाएगी? अनेक कांग्रेसी नेता संगम में डुबकी लगाने गए। इनमें कर्नाटक के उपमुख्यमंत्री डीके शिवकुमार भी थे, जिनके बारे में सूचना है कि राहुल गांधी की मंडली उनसे नाराज है। अगर राहुल और उनके रणनीतिकार वीर सावरकर जैसी हिंदुत्व विभूतियों के विरुद्ध घृणा के भाव में व्यवहार करेंगे तो उन्हें हर व्यक्ति भाजपा समर्थक ही नजर आएगा।




**मेष राशि** : मेष राशि के जातकों के लिए कल दिन मंगलमय रहने वाला है. आप अपने कामों को लेकर मेहनत अधिक करेंगे, जिससे आपको उनमें सफलता अवश्य मिलेगी. आपके कुछ नए प्रयास रंग लायेंगे. बिजनेस में भी उतार-चढ़ाव के बाद आपको अच्छी सफलता हासिल होगी.

**वृषभ राशि** : वृषभ राशि के जातकों की धार्मिक कार्यक्रमों के प्रति काफी रुचि रहेगी. आपके मन में प्रेम व सहयोग की भावना बनी रहेगी. परिवार में किसी सदस्य के स्वास्थ्य में अकस्मात गिरावट आने से भागदौड़ थोड़ा अधिक रहेगी.

**मिथुन राशि** : मिथुन राशि के जातको के लिए कल दिन मौज मस्ती भरा रहने वाला है. आप अपने लिए कुछ नए कपड़े आदि की खरीदारी कर सकते हैं. आपको लेनदेन से संबंधित मामलों पर पूरा ध्यान देने की आवश्यकता है. संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी.

**कर्क राशि** : कर्क राशि के जातकों के लिए कल दिन अपने कामों पर पूरा ध्यान देने के लिए रहेगा. सामाजिक कार्यक्रमों में आपको जोड़ने का मौका मिलेगा. आपको नौकरी में परिवर्तन थोड़ा सोच समझकर करना होगा. आपके कुछ नए विरोधी उत्पन्न हो सकते हैं.

**सिंह राशि**: सिंह राशि के जातकों को कल कैसे जोखिम भरे काम को करने से बचना होगा. आप अपनी वाणी व व्यवहार पर संयम बनाए रखें. किसी काम को लेकर यदि आपने उतावलापन दिखाया, तो उसमें आपको नुकसान होने की संभावना है.

**कन्या राशि** : कन्या राशि के जातकों के लिए कल दिन सामान्य रहने वाला है. आपको अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चलना होगा. आपकी कुछ नया करने की कोशिश रंग लाएगी. माता-पिता के आशीर्वाद से आपका कोई रुका हुआ काम पूरा होगा.

**तुला राशि** : तुला राशि के जातको को कल नौकरी में प्रमोशन मिलने से एक स्थान से दूसरा स्थान पर जाना पड़ सकता है. आपकी साथ व सम्मान में वृद्धि होगी. आपका किसी प्रॉपर्टी संबंधित मामले को लेकर लड़ाई झगड़ा होने की संभावना है.

**वृश्चिक राशि** : वृश्चिक राशि के जातकों के लिए कल दिन लाभदायक रहने वाला है. व्यवसाय में आपको अच्छी सफलता मिलेगी. संतान पक्ष की ओर से आपको कोई निराशाजनक सूचना सुनने को मिल सकती है. आप मित्रों के साथ कुछ समय मौज मस्ती करने में व्यतीत करेंगे.

**धनु राशि** : धनु राशि के जातकों के लिए कल दिन सामान्य रहने वाला है. आपको अपने आस-पास रह रहे विरोधियों से सावधान रहने की आवश्यकता है और आप जिस काम में हाथ डालेंगे, उसमें आपको सफलता अवश्य मिलेगी. आपकी कोई मन की इच्छा पूरी हो सकती है.


**मकर राशि** : मकर राशि के जातकों के लिए कल दिन ठीक-ठाक रहने वाला है. आपको चारों ओर का वातावरण खुशनुमा रहेगा. आपकी इन्कम बढने से आपको खुशी होगी?. अपना मनचाहे खर्च आसानी से कर सकेंगे. यदि आपने किसी से कुछ कर्ज लिया था, तो उसे भी आप उतारने की पूरी कोशिश करेंगे. भाई व बहनों से आपकी खुब पटेगी. संतान आपकी उम्मीदों पर खरी उतरेगी.

**कुंभ राशि** : कुंभ राशि के जातको के कोई कल लंबे समय से रुके हुए काम पूरे होंगे. आप बुद्धि व विवेक से निर्णय लेंगे, तो वह आपके लिए अच्छा रहने वाला है. आपकी किसी पुराने मित्र से लंबे समय बाद मुलाकात होगी.

**मीन राशि** : मीन राशि के जातकों की रोजगार में अच्छी उन्नति प्राप्त होगी और उनके स्वास्थ्य में भी उतार चढ़ाव रहने से आपकी समस्या थोड़ी बढ़ सकती हैं. आपको किसी की बाहरी व्यक्ति के मामले में बेवजह नहीं बोलना है. आपका कोई पुराना लेनदेन आपके लिए समस्या बन सकता है. आप अपने कामों को लेकर योजना बनाकर चले, तो आपके लिए बेहतर रहेगा.

**ज्योतिष सेवा केन्द्र**
**ज्योतिषाचार्य पंडित अतुल शास्त्री**

# विज्ञान की दुनिया के दिग्गज देख रहे सात बड़े सपने



**विजय गर्ग**

एक सदी पहले जेब के आकार के सुपर कंप्यूटर, चालक विहीन कार और वीडियो कॉल विज्ञान की विशुद्ध बनावटी बातें लगती थीं। चंद घंटों में जीनोम की पड़ताल या अलग-अलग महाद्वीपों में रहने वाले लोगों की जब चाहे आपसी बातचीत पर तो हंसी आती थी। मगर इस वर्ष (2025 में) हमने मिथेन घटाने वाले सप्लीमेंट्स से एक अप्रत्याशित जलवायु खतरे (गाय की डकार) से निपटने में सफलता पाई है। ऐसे में, सवाल उठता है कि कौन सी असंभव लगने वाली तकनीकें भविष्य को आकार दे सकती हैं? आइए, कुछ पर चर्चा करते हैं।

प्रकाश से भी तेज यात्रा : इससे हम ऐसी प्रजाति बन सकते हैं, जो तारों के बीच रहती है। हालांकि, आइंस्टीन का सापेक्षता का सिद्धांत कहता है कि द्रव्यमान वाली चीज बेहिसाब ऊर्जा के बिना प्रकाश की गति को पार नहीं कर सकती, इसलिए इस गति को पाना हमारे लिए व्यावहारिक रूप से असंभव है। मगर, नासा के ईगलवर्क्स लैब ने अल्क्यूबियर के वार्प ड्राइव का पता लगाया है, जो काल्पनिक तौर पर प्रकाश से भी तेज गति से अंतरिक्ष की यात्रा को संभव बनाता है। टाइम-ट्रैवल, यानी समय से पार यात्रा कराने वाली मशीन आखिर कौन अपनी पिछली गलतियों को ठीक नहीं करना चाहेगा? मगर इसके गंभीर परिणाम भी होते हैं। यदि आप समय में पीछे जाते हैं और अपने अस्तित्व को रोकते हैं, तो 'ग्रैंडफादर पैराडॉक्स' (विरोधाभास की वह स्थिति, जब समय मशीन से गए व्यक्ति की हरकत से ऐसी परिस्थिति पैदा हो, जिससे घटना से पहले उसका प्रभाव घटित हो जाए) आपका दिमाग घुमा सकता है। उपग्रहों पर लगी परमाणु घड़ियां सापेक्षता के कारण समय का अंतर महसूस करती हैं, जो साबित करता है कि समय का विस्तार होता है। वैज्ञानिकों ने भी क्वांटम प्रयोगों से बताया है कि समय से पार यात्रा असंभव नहीं, बेशक अभी बहुत छोटी हो।

डायसन स्फीयर : असीम ऊर्जा देने वाले सूर्य के चारों ओर आप क्या किसी विशाल संरचना की कल्पना कर सकते हैं? डायसन स्फीयर यही है। इसके बाद न जीवाश्म ईंधन, न ऊर्जा संकटे बस निर्बाध सौर ऊर्जा। वैज्ञानिकों ने ऐसे सैटेलाइट डिजाइन किए हैं, जो वायरलेस की तरह पृथ्वी पर ऊर्जा भेज सकते हैं। चीन ने जो अंतरिक्ष में सौर फार्म की योजना बनाई है, वह अंतरिक्ष से सीधे ऊर्जा दोहन की दिशा में पहला कदम हो सकता है। जैविक अमरता : हमने जीन एडिटिंग का उपयोग करके चूहों का जीवन बढ़ाया है और मानव कोशिकाओं में उम्र बढ़ाने वाले कुछ प्रभावों को उलट दिया है। सीआरआईएसपीआर उम्र से संबंधित बीमारियों पर काम कर रहा है और अल्टोस लैब जैसी कंपनियां कोशिका के फिर से प्रोग्रामिंग को लेकर खोज कर रही हैं। हालांकि, अमरता अभी दूर दिख रही है, फिर भी काफी लंबा और स्वस्थ जीवन अब संभव जान पड़ता है। नियंत्रित वर्महोल : वर्महोल आपको किसी एक सूराख में अंदर जाने और फिर ब्रह्मांड में कहीं और बाहर निकलने का मौका देगा। यह सही है कि नासा की ईगलवर्क्स लैब ने उन्नत अंतरिक्ष यात्राओं से जुड़ी अवधारणाओं की जांच-पड़ताल की है, पर अभी यह दावे के साथ नहीं कहा जा सकता कि उसने एक स्थिर वर्महोल मॉडल तैयार कर लिया है।

मस्तिष्क से मस्तिष्क तक संचारः ब्रेन कंप्यूटर इंटरफेस पहले से ही लकवाग्रस्त रोगियों को अपने दिमाग को नियंत्रित करने मे मदद कर रहे हैं। ऐसे में, न्यूरल सप्लीमेंट इंटरफेस संचार में क्रांति ला सकते हैं। न्यूरालिंक ने इंसानों पर इसका परीक्षण शुरू भी कर दिया है, हालांकि अभी यह शुरूआती अवस्था में है, लेकिन भविष्य में ज्ञान का तत्काल हस्तांतरण और दिमागी संचार संभव हो सकता है, जिससे नैतिकता और निजता संबंधी चिंताएं पैदा हो सकती हैं।

डार्क मैटर - ऊर्जा का उपयोग ब्रह्मांड का एक बड़ा हिस्सा डार्क मैटर है। डार्क ऊर्जा भी अब तक रहस्यमय है। सीआरईएसएसटी और लार्ज हैड्रॉन कोलाइडर जैसे प्रयोग डार्क मैटर का पता लगाने के लिए काम कर रहे हैं। यदि हम ऐसी कोई सफलता पा लेते हैं, तो ऊर्जा उत्पादन में बड़ी कामयाबी मिल सकेगी। बहरहाल, इनमें से कोई भी तकनीक मानव सभ्यता की दशा-दिशा बदल सकती है। अब इनमें से कितने में हम सफल होंगे, यह तो आने वाले दशक बताएंगे।

# जीवन रस का संचार करती होली, अपने अहंकार से मुक्त होने का पर्व

रंगोत्सव हमें अपने अहंकार से मुक्त होने और उदार मन वाला होने के लिए उकसाता है। अपनी लघुता पहचान कर समष्टि का अंश बनने का अनुभव और अवसर देता है। हालांकि स्वयं की परिधि को पहचान कर उसे विस्तृत करने और उससे परे जाने की कोशिश आत्मानुशासन की मांग करती है। अहंकार जब दूर होता है तभी आत्मविस्तार का सिलसिला आरंभ होता है। प्रकृति के नैसर्गिक सौंदर्य के साथ अपने माधुर्य को सबके साथ बांटते हुए वसंत ऋतु मनुष्य और प्रकृति सबमें उल्लास का संचार कर देती है। वसंत को कामनाओं के स्वामी कामदेव का पुत्र कहा गया है। उसे काम का सेनापति भी कहा जाता है। वसंत की फागुनी बयार के साथ मन मचलने लगता है। उसी उल्लसित मन का प्रकाश होली के उत्सव में अभिव्यक्त होता है, जो आता है और थोड़े समय में ही ओझल हो जाता है। वसंत तरु, पादप, पशु, पक्षी और मनुष्य समेत सबको मथ कर उनके अस्तित्व को पुनर्नवा कर देता है। वसंत भारत में रंगों की निराली छटा में दिखता है। तब वायुमंडल में फूलों की गंध तैरने लगती है। पेड़ों पर नए पत्ते और फूल आते हैं। इस बीच बुलबुल और कोयल की बोली भी आमंत्रण देती है। प्रवासी पक्षी भी दूर-दूर से आते हैं। रसिया, गणगौर आदि के गीत में वसंत की ही गूंज होती है। वसंत की दस्तक के साथ ही हमारे आंतरिक और बाह्य अस्तित्व में बदलाव का श्रीगणेश होता है। वैसे तो वसंत सार्वभौमिक है, कुछ उसी तरह जैसे आदमी के जीवन-विस्तार में किशोर और यौवन की अवस्था स्वाभाविक रूप से आती है, परंतु इसकी अभिव्यक्ति और अनुभूतियां देश-काल पर निर्भर करती हैं। वसंतोत्सव साल भर मनाए जाने वाले उत्सवों का सिरमौर है। यह लोक उत्सव है। लोक यानी सारा का सारा दृश्यमान जगत उसमें सम्मिलित होता है भारतीय मानस राम, कृष्ण, शिव जैसे देवताओं को भी इस उत्सव के आयोजन में शामिल करने में नहीं हिचकता। कृष्ण कन्हैया राधा के संग और नटराज शिव गौरा पार्वती के संग रंग-बिरंगी होली खेलते हुए न केवल कवि-गणों को प्रेरित करते रहे हैं, बल्कि अवधपुरी, ब्रज-भूमि और काशीधाम जैसे क्षेत्रों के जीवन में भी अनिवार्य रूप से रच-बस गए हैं। रंगोत्सव भारतीय मनोभाव और सामाजिक उद्यम को उजागर करता है। होली के अवसर पर घर-गांव से दूर रहने वाले नौकरीपेशा लोग आज भी अपने गांव और मूल स्थान पहुंचने की भरसक कोशिश करते हैं। अपनों के बीच और अपनों के साथ होली मनाने का अपना ही आनंद होता है। छोटे-बड़े, ऊंच-नीच, अमीर-गरीब आदि के नकली घरौंदों से बाहर निकल कर लोग अपने स्वाभाविक जीवन जीने को आतुर होते हैं। वे खुशी-खुशी एक दूसरे से मिलते-जुलते हैं और एक-दूसरे को बधाई देते हैं। इस अवसर पर बच्चे हों या बड़े-बूढ़े सभी अपने घरों पर और आने वाले पड़ोसियों और मित्रों के साथ गली-मुहल्ले में इस सामूहिक आनंदरस के सागर में तृप्ति पाते हैं। हालांकि समय के साथ इस उत्सव को मनाने के तौर-तरीकों में बदलाव भी आते रहे हैं आज जीवन की गतिशीलता, तकनीकी का हस्तक्षेप और व्यस्तता के चलते महानगरों में खुले मन से आश्वस्तिपूर्वक दो क्षण बिताना दूभर हो रहा है। अब फागुन फागुन न रह कर ह्य माच हो चुका है। यानी साल भर का ब्योरा संभालने की समय सीमा का पालन। नौकरीपेशा लोगों और कारोबारियों के लिए यह बेहद खास होता है। व्यस्तताओं के अंबार के बीच अपने लिए समय घटता जा रहा है। लोग भी नए दौर की लाचारी को जानने-समझने लगे हैं और संपर्क में आ रही कमी को बुरा नहीं मानते। यांत्रिकता के हावी होने के साथ हमारे रहन-सहन और उसके तौर-तरीके तेजी से बदल रहे हैं।

# महाराष्ट्र में किसानों की आत्महत्या के आंकड़े चिंताजनक; केंद्र को नीति बनानी चाहिए: शरद पवार



☞ एआई तकनीक का इस्तेमाल गन्ने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है। एआई खेती की प्रक्रिया में कई चीनी मिल हिस्सा लेंगी। चीनी मिलों के कुछ अधिकारियों के साथ आज शाम एक बैठक होने वाली है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एसपी) के अध्यक्ष शरद पवार ने शनिवार को मराठवाड़ा और विदर्भ में किसानों की आत्महत्या के मामलों को लेकर चिंता व्यक्त की और कहा कि केंद्र को किसानों की मदद के लिए नीति लानी चाहिए। पवार का यह बयान राज्य राहत एवं पुनर्वास विभाग द्वारा जारी आंकड़ों की पृष्ठभूमि में आया है, जिसमें खुलासा हुआ है कि 2024 में महाराष्ट्र में 2,635 किसानों ने आत्महत्या की है। उन्होंने यहां संवाददाताओं से कहा, मराठवाड़ा और विदर्भ से जो जानकारी आई है, वह चिंताजनक है। हम विभिन्न स्थानों से सटीक आंकड़े एकत्र करेंगे। केंद्र को किसानों की मदद के लिए नीति तैयार करनी चाहिए। राकांपा (एसपी) नेता जयंत पाटिल के अजित पवार के नेतृत्व वाले पार्टी के गुट में शामिल होने की अटकलों पर वरिष्ठ नेता ने कहा कि पाटिल पहले ही मीडिया को अपना बयान दे चुके हैं। पाटिल ने शुक्रवार को बारामती में एक कार्यक्रम में राकांपा (एसपी) प्रमुख से मुलाकात की थी और बाद में कहा था कि वह परेशान नहीं हैं और उनके बयान से गलत निष्कर्ष निकाला गया है।

पूर्व केंद्रीय कृषि मंत्री पवार ने कहा कि खेती में क्रांति आ रही है और जल्द ही गन्ने की खेती में कृत्रिम मेधा (एआई) का इस्तेमाल किया जाएगा। उन्होंने कहा, एआई तकनीक का इस्तेमाल गन्ने की गुणवत्ता बढ़ाने के लिए किया जा सकता है।

# एकनाथ शिंदे कांग्रेस में जाने वाले थे, संजय राउत के दावे पर पृथ्वी बाबा ने खड़े किए हाथ, वडेट्टीवार बोले...

संजय राउत ने दावा किया है कि एकनाथ शिंदे पृथ्वीराज चव्हाण के कार्यकाल के दौरान कांग्रेस में शामिल होने वाले थे। राउत के दावे के बाद काफी हलचल मची थी। पृथ्वीराज चव्हाण ने भी इस पर प्रतिक्रिया दी है। वहीं महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।



- संजय राउत ने एकनाथ शिंदे के कांग्रेस में शामिल होने का दावा किया
- राजनीति में न कोई दोस्त होता है, न ही दुश्मन, कहा कांग्रेस नेता ने
- शिवसेना सांसद ने राउत की बातों को नशे में कही गई बात बताया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः शिवसेना (उद्धव बालासाहेब ठाकरे) नेता संजय राउत ने हाल ही में एक बड़ा दावा किया है। राउत ने यह दावा उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के बारे में किया। राउत ने कहा कि महाराष्ट्र के पूर्व मुख्यमंत्री और शिवसेना प्रमुख एकनाथ शिंदे पहले कांग्रेस में शामिल होना चाहते थे। हालांकि राउत ने उस साल या महीने का जिक्र नहीं किया जब शिंदे ने स्पष्ट रूप से ऐसा करने (पार्टी बदलने) की योजना बनाई थी। उन्होंने दिवंगत कांग्रेस नेता अहमद पटेल का हवाला दिया। शिंदे की ओर से जून 2022 में किए गए विद्रोह के बाद अविभाजित शिवसेना दो धड़ों में बंट गई थी।

## पृथ्वीराज चव्हाण का कमेंट करने से इनकार

संजय राउत ने संवाददाताओं से कहा कि मुझे पता है कि क्या चल रहा था। अहमद पटेल अब जीवित नहीं हैं और इसलिए मैं इस बारे में और कुछ नहीं कहना चाहता, क्योंकि वह इस बात को प्रमाणित करने के लिए मौजूद नहीं हैं। पटेल का 25 नवंबर 2020 को निधन हो गया। जब इस बारे में और पूछा गया तो राउत ने कहा कि इसके बारे में (वरिष्ठ कांग्रेस नेता और पूर्व मुख्यमंत्री) पृथ्वीराज चव्हाण से पूछिए। हालांकि प्रतिक्रिया जानने के लिए संपर्क किये जाने पर चव्हाण ने टिप्पणी करने से इनकार कर दिया। शिंदे की प्रतिक्रिया तत्काल उपलब्ध नहीं हो सकी।

## राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं

महाराष्ट्र कांग्रेस के पूर्व अध्यक्ष नाना पटोले ने उपमुख्यमंत्रियों एकनाथ शिंदे और अजित पवार (एनसीपी) को मुख्यमंत्री का बारी-बारी से पद देने के वादे के साथ विपक्षी गठबंधन में शामिल होने का प्रस्ताव देकर खलबली मचा दी थी। उन्होंने होली समारोह के दौरान ये टिप्पणियां कीं। प्रतिक्रिया मांगे जाने पर राउत ने कहा कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है। उन्होंने कहा कि मैं निःशब्द हूं। मैं केवल इतना कह सकता हूं कि राजनीति में कुछ भी असंभव नहीं है।

## फास्ट ट्रैक

# होली के दिन नहाने गए चार छात्र नदी में डूबे, ठाणे के बदलापुर में बड़ा हादसा

- बदलापुर में होली के दिन हुआ बड़ा हादसा
- नदी में नहाने गए 10वीं के चार छात्र डूबे
- होली खेलने के बाद छात्र गए थे नदी पर



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई/ठाणेः मुंबई से सटे महाराष्ट्र में ठाणे में होली के दिन एक दुखद हादसा सामने आया। ठाणे जिले के बदलापुर इलाके में शुक्रवार की दोपहर उल्हास नदी में चार किशोरों की डूबने से मौत हो गई। एक पुलिस अधिकारी ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 15-16 आयु वर्ग के किशोर होली मनाने के बाद नहाने के लिए नदी में उतरे थे और अचानक जल स्तर बढ़ने से वे बह गए। चारों छात्र 10वीं कक्षा के छात्र थे। उल्हास नदी ठाणे, रायगढ़ और पुणे जिलों में बहती है। यह उत्तर से पश्चिम की ओर जाती है।

## डूबने वाले चारों नाबालिग

अधिकारी ने बताया कि डूबे लड़कों की पहचान आर्यन मेदार (15), ओम सिंह तोमर (15), सिद्धार्थ सिंह (16) और आर्यन सिंह (16) के रूप में की गई है, और सभी चमटोली के पोद्दार गृह कॉम्प्लेक्स के निवासी थे। अधिकारी ने बताया कि चारों के शव बरामद कर लिए गए हैं और उन्हें पोस्टमार्टम के लिए बदलापुर ग्रामीण अस्पताल भेज दिया गया है। मामला दर्ज कर लिया गया है और जांच जारी है।

## होली के बाद नहाने गए थे छात्र

सामने आया है कि चारों छात्रों ने पहले रंग खेला था। धुलेटी यानी धूलिवंदन का त्योहार मनाने के बाद नदी का रुख किया था। कई घंटे की मशक्कत के बाद स्थानीय लोगों की मदद से उनके शवों को बाहर निकाला गया। कुछ दिन पहले ऐसी ही एक घटना गुजरात वलसाड जिले में हुई थी। इससे पहले महाराष्ट्र में नदी में डूबने की घटनाएं सामने आ चुके हैं तब सरकार की तरफ से ऐसे स्थानों की सुरक्षा बढ़ाने का निर्देश दिया गया था। इस हादसे में अपने बेटों को खोने परिवारों के लिए होली का त्योहार गमगी हो गया।

# ट्रक से टकराई अमरावती एक्सप्रेस, लगी आग, महाराष्ट्र के जलगांव के पास बड़ा हादसा

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : होली के दिन महाराष्ट्र के जलगांव में बड़ा हादसा हुआ है। छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस -अमरावती एक्सप्रेस एक ट्रक से टकरा गई। ट्रक अनाज से लदा हुआ था। हादसा उस समय हुआ जब अमरवाती एक्सप्रेस जलगांव के बोदवड से गुजर रही थी। इसी दौरान पुराने रेलवे गेट से ट्रक गुजर रहा था। यह ट्रक सीधे एक्सप्रेस के इंजन को टक्करा गया। ट्रक पूरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया।बताया जा रहा है कि अंबा एक्सप्रेस ट्रेन मुंबई से निकली थी। वह अमरावती जा रही थी तभी रेल पटरी पर एक अनाज से भरा ट्रक रुक गया और ट्रेन ट्रक से टकरा गया। ट्रेन का इंजन बुरी तरह से क्षतिग्रस्त हो गया। ट्रेन के अगले हिस्से में आग लग गई हालांकि इसे तुरंत बुझाया गया।ट्रेन हादसे के बाद यह ट्रैक बाधित हो गया और ट्रेनों की आवाजाही रोकनी पड़ी।

# बर्ड फ्लू के खतरे के बीच महाराष्ट्र के सोलापुर में हाई अलर्ट, हो चुकी है कई कौवों की मौत

☞ अधिकारियों ने घोषणा की है कि सोलापुर में प्रभावित सार्वजनिक क्षेत्र एहतियात के तौर पर 21 दिनों तक बंद रहेंगे। एक किलोमीटर के दायरे में दुकानों में मुर्गियों की जांच की जाएगी, और स्वास्थ्य विभाग बीमारी के लक्षणों के लिए उसी क्षेत्र में रहने वाले निवासियों की निगरानी करेगा। इन उपायों के साथ ही नागरिकों ने जनता से घबराने की अपील नहीं की है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र के सोलापुर में एवियन इन्फ्लूएंजा (एच5एन1) यानी बर्ड फ्लू की पुष्टी हुई है। बर्ड फ्लू के कारण अधिकारियों ने हाई अलर्ट घोषित किया है। सोलापुर में बीते कुछ दिनों में कई कौवों ती मौत हो चुकी है, जिसके पीछे बर्ड फ्लू को कारण बताया गया है। भोपाल प्रयोगशाला से प्राप्त परीक्षण रिपोर्ट में बर्ड फ्लू वायरस की उपस्थिति की पुष्टि होने के बाद सोलापुर नगर निगम और पशुपालन विभाग ने निवारक उपाय तेज कर दिए हैं।

बर्ड फ्लू की पुष्टि के बाद अधिकारियों ने सोलापुर में छत्रपति संभाजी महाराज झील, श्री सिद्धेश्वर महाराज झील और खंदक बाग के आसपास के इलाकों को सैनिटाइज किया है। हाल के दिनों में 50 से अधिक कौवे मृत पाए गए। अधिकारियों ने घोषणा की है कि सोलापुर में प्रभावित सार्वजनिक क्षेत्र एहतियात के तौर पर 21 दिनों तक बंद रहेंगे। एक किलोमीटर के दायरे में दुकानों में मुर्गियों की जांच की जाएगी, और स्वास्थ्य विभाग बीमारी के लक्षणों के लिए उसी क्षेत्र में रहने वाले निवासियों की निगरानी करेगा।

इन उपायों के साथ ही नागरिकों ने जनता से घबराने की अपील नहीं की है। जनता को आश्वासन दिया है कि मुर्गियों या मनुष्यों में बर्ड फ्लू का कोई मामला सामने नहीं आया है। एवियन इन्फ्लूएंजा, जिसे आम तौर पर बर्ड फ्लू के नाम से जाना जाता है, एक वायरल संक्रमण है जो मुख्य रूप से पक्षियों को प्रभावित करता है, लेकिन यह मनुष्यों और अन्य जानवरों को भी संक्रमित कर सकता है। जबकि अधिकांश बर्ड फ्लू वायरस केवल पक्षियों की प्रजातियों तक ही सीमित हैं, वे पक्षियों के लिए घातक हो सकते हैं। इसके प्रकारों में, स्ट्रेन विशेष रूप से चिंताजनक है क्योंकि यह लंबे समय तक जीवित रहने की क्षमता रखता है।

संक्रमित पक्षी अपने मल और लार के माध्यम से 10 दिनों तक वायरस को फैला सकते हैं। यह संक्रमण दूषित क्षेत्रों के संपर्क से फैलता है, जिससे विशेष रूप से प्रवासी पक्षियों की आबादी के बीच एक बड़ा खतरा पैदा होता है जो अक्सर यात्रा करते हैं।

इस महीने की शुरूआत में बिहार के जहानाबाद में इस बात की पुष्टि हुई थी कि हाल ही में कई कौवों की मौत बर्ड फ्लू के कारण हुई थी। कोलकाता के आरडीडीएल संस्थान की जांच रिपोर्ट में मृत पक्षियों में एच5एन1 वायरस की मौजूदगी की पुष्टि हुई थी।

इसकी पुष्टि होने के बाद पशुपालन विभाग ने तीन किलोमीटर के दायरे में पोल्ट्री फार्मों से नमूने एकत्र करना शुरू कर दिया है। इन नमूनों को आगे की जांच के लिए पटना भेजा जाएगा

# युवती का खुशमिजाज जीवन बिखर गया...रेल मंत्री दिखाएं सहानुभूति, एक्सीडेंट के मामले बॉम्बे हाईकोर्ट की टिप्पणी

- निधि जेठमलानी पश्चिम रेलवे कार एक्सीडेंट केस
- हाईकोर्ट मानवीय पीड़ा दुर्लभतम मामला माना
- कई सालों से कोमा में 17 साल की पीड़ित निधि



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः बॉम्बे हाईकोर्ट ने मानवीय पीड़ा के एक दुर्लभतम मामले में केंद्रीय रेल मंत्री को मुआवजे के मुद्दे पर सहानुभूति पूर्वक विचार करने को कहा है। मामला 17 वर्षीय युवती निधि जेठमलानी का है, जिसका करीब आठ साल पहले कॉलेज जाते समय मरीन ड्राइव में सड़क पार करते समय एक्सीडेंट हो गया था। यह हादसा पश्चिम रेलवे की इनोवा कार से हुआ था। दुर्घटना 28 मई 2017 को सुबह 11 बजे हुई थी। तब निधि कॉलेज में एडमिशन के लिए जा रही थी। सिर में लगी थी चोटएक्सीडेंट में लड़की के सिर पर गहरी चोट लगी थी। दुर्भाग्यपूर्ण इस हादसे का प्रभाव इतना भयानक था कि इसने होनहार निधि का खुशमिजाज जीवन बिखेर दिया। कोमा की अवस्था ने लड़की को जीते जी मुर्दा बना दिया है। दुर्घटना के बारे में पढ़ने के लिए एक डॉक्टर को भी काफी साहस की जरूरत पड़ेगी। लड़की की वर्तमान स्थिति किसी को भी दुखी कर सकती है। फिर निधि के माता की मनःस्थिति क्या होगी। यह कल्पना से परे है। कोर्ट में निधि के पिता की ओर से मुआवजे में वृद्धि की मांग से जुड़ी अपील पर सुनवाई चल रही है।परिवार ने किए हर संभव प्रयासलड़की की हालत से व्यथित जस्टिस गिरीश कुलकर्णी और जस्टिस अद्वैत सेठना की बेंच ने कहा कि पीड़िता सहित पूरे परिवार की पीड़ा और कष्ट असहनीय है। पैसे किसी भी तरह से निधि के दर्द और उसकी फैमिली के सदस्यों आघात की भरपाई नहीं कर सकते है। अविश्वसनीय ढंग से निधि के माता पिता ने घर में कोमा में पड़ी बेटी के इलाज के लिए हर संभव प्रयास किया है, ऐसी परिस्थिति में पैसों की जरूरत होना स्वाभाविक है, जो राहत देनेवाला एक जरिया बनेगा। इसलिए रेलवे केस में समझौते के लिए उदारता दिखाए। हमारा आग्रह है कि केस के समग्र तथ्यों पर रेलवे के अधिकारी उच्च स्तर पर यानी केंद्रीय रेल मंत्री से मामले में निर्देश ले और मंत्री मामले को मिसाल बनाए बिना करुणा पूर्वक निर्णय लें। केस की दर्दनाक प्रकृति को पर बेंच ने मंत्री से यह आग्रह किया है। 5 करोड़ रुपये का प्रस्तावबेंच ने कहा कि यदि समझौते से उभरी राशि स्वीकार भी कर ले, तो भी लड़की के पिता के वर्षों के कष्ट की भरपाई नहीं हो सकती है। केस को कानूनी नजरिए से देखने की बजाए मामले का हल दोनों पक्षों की राजमंदी से निकले तो बेहतर होगा। रेलवे का पक्ष रख रहे सीनियर ऐडवोकेट जीएस हेगड़े ने कहा कि सुनवाई के दौरान 5 करोड़ रुपये का प्रस्ताव उभरा है। अपील में सात करोड़ रुपये के मुआवजे की मांग है।

# यह शर्मनाक है...पुलिस की मौजूदगी में मस्जिद पर हमला, रत्नागिरी के मुद्दे पर ओवैसी बोले-एक्शन लें फडणवीस

## सीएम फडणवीस से ओवैसी ने की कड़ी कार्रवाई की मांग

- ओवैसी रत्नागिरी मस्जिद के मुद्दे पर बोले
- वायरल वीडियो में मस्जिद पर हमले का दावा किया गया था

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

☞ महाराष्ट्र के रत्नागिरी जिले की एक मस्जिद पर हमले के दावों के बीच वायरल हुए वीडियो पर एमआईएमआईएम चीफ असुदद्दीन ओवैसी ने महाराष्ट्र के सीएम फडणवीस से कार्रवाई की मांग की है। सोशल मीडिया पर दावा किया जा रहा है कि एक धार्मिक कार्यक्रम के दौरान मस्जिद के गेट लकड़ी टकराई थी।



मुंबईः महाराष्ट्र में अब रत्नागिरी जिले की मस्जिद को लेकर राजनीति गरमाती दिख रही है। एक धार्मिक जुलुस के दौरान मस्जिद के गेट को लकड़ी से धक्का मारने का आरापे सामने आया है। सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल होने के बाद ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के प्रमुख असुदद्दीन ओवैसी ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर वीडियो साझा करके हमला बोला है। ओवैसी ने लिखा है कि यह शर्मनाक है कि पुलिस की मौजूदगी में रत्नागिरी की मस्जिद पर हमला किया गया, क्या महाराष्ट्र यह सुनिश्चित करेंगे कि कानून अपना काम करेगा? इस मुद्दे पर अभी सरकार की तरफ से प्रतिक्रिया सामने नहीं आई है। इस वीडियो को चर्चित फैक्ट चेकर मोहम्मद जुबैर ने भी साझा किया है।

पुलिस ने हमले का किया खंडन

इस घटना को लेकर पुलिस का बयान भी सामने आया है पुलिस का कहना है कि मस्जिद के अंदर किसी ने भी जबरन प्रवेश नहीं किया है। पुलिस ने उस आरोपों को गलत बताया है कि मजिस्द में लोग जबरदस्ती घुस गए। वायरल वीडियो में दावा किया गया था कि बुधवार 12 मार्च, 2025 को वार्षिक शिमगा जुलूस के दौरान रत्नागिरी के राजापुर गांव में एक मस्जिद के गेट पर लोगों के एक समूह ने कथित तौर पर हमला किया था। पुलिस के अनुसार केवल कुछ आक्रामक नारेबाजी हुई थी, जो कोंकण क्षेत्र में होली समारोह का एक पारंपरिक हिस्सा है। पुलिस ने कहा कि घटना के बारे में भ्रामक रील हटा दी गई है। नारेबाजी और गैरकानूनी तरीके से एकत्र होने के लिए एफआईआर दर्ज की गई है। एक स्थानीय मुस्लिम वकील ने सख्त एफआईआर और दोषियों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है।

प्रत्यक्षदर्शियों ने क्या कुछ बताया?

द हिंदू ने प्रत्यक्षदर्शियों के हवाले से रिपोर्ट में लिखा है कि घटना बुधवार शाम करीब 7:30 बजे गांव के जवाहर चौक में शिमगा जुलूस के दौरान हुई। मदाची मिराव्नुक नामक एक लंबे लकड़ी के पेड़ के तने को ले जाने वाला जुलूस राजापुर गांव के सखालकरवाड़ी से शुरू होता है। दो किलोमीटर दूर धोपेश्वर मंदिर में समाप्त होता है। परंपरा के अनुसार रास्ते में मस्जिद की सीढ़ियों पर कुछ मिनटों के लिए तने को रखा जाता है। पेड़ के तने से टक्कर मारकर वे हर साल तने को मस्जिद के दरवाजे तक लाते हैं। इस बार भी वे सीढ़ियों तक आए। मुझे नहीं पता कि उन्होंने तने को गेट से क्यों टकराया।

# नेवी में नौकरी के नाम पर 15 लोगों से ठगी, मुंबई पुलिस ने महिला समेत चार आरोपियों को किया गिरफ्तार

- मुंबई पुलिस ने भारतीय नौसेना में भर्ती के नाम पर 76 लाख रुपये की ठगी करने वाले गिरोह को पकड़ा है। आरोपियों ने 15 लोगों से नौकरी दिलाने का वादा कर पैसे ऐंठे। मामला तब सामने आया जब पीड़ितों ने पुलिस में शिकायत की। आरोपी खुद को नौसेना में अधिकारी बताते थे।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मुंबई : दादर पुलिस ने बड़ी कार्रवाई करते हुए भारतीय नौसेना में भर्ती के नाम पर ठगी करने वाले गिरोह का पकड़ा है। सामने आया है कि चार लोगों के इस गैंग ने 15 लोगों से 76 लाख रुपये की ठगी की। आरोपियों की पहचान अनुज मायेकर, नितिन शेट्ये, गणेश नागरकर और श्रद्धा गोठीवरेकर के रूप में हुई है। इस मामले में पुलिस ने धोखाधड़ी और जालसाजी का केस दर्ज किया है और आरोपियों से पूछताछ जारी है। मामला तब सामने आया जब मुंबई में वर्ली कोलीवाड़ा के निवासी मयूर मंगेश दलवी ने पुलिस में एक शिकायत दर्ज कराई। उन्होंने बताया कि दिसंबर 2024 में वह आरोपियों के संपर्क में आए थे

# पिता को खोया फिर चुनाव में मिली हार, क्या बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान को विधायक बनाएंगे अजित पवार?

महाराष्ट्र विधान परिषद की पांच सीटों के लिए नामांकन की अंतिम तिथि नजदीक आने के बाद महायुति के संभावित कैंडिडेट के नामों को लेकर राजनीति गरम है। बीजेपी को तीन और एनसीपी और शिवसेना को एक एक सीट के कैंडिडेट घोषित करना है। एनसीपी से जीशान सिद्दीकी का नाम चर्चा में है।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबईः महाराष्ट्र में 27 मार्च को विधानसभा परिषद की पांच सीटों के लिए चुनाव होगा। एमएलसी चुनावों की तारीख नजदीक आने के साथ संभावित दावेदारों को लेकर चर्चा तेज हो गई है। सत्तारूढ़ महायुति में तीन सीटें बीजेपी और एक-एक सीट शिवसेना-एनसीपी को मिलेगी। शिवसेना और एनसीपी से विधान परिषद् में कौन जाएगा? इसको लेकर काफी सस्पेंस है। अजित पवार की अगुवाई वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) से बाबा सिद्दीकी के बेटे जीशान सिद्दीकी के नाम की चर्चा सामने आई है। सवाल खड़ा हो रहा है कि क्या महाराष्ट्र में स्थानीय निकाय के चुनावों से पहले अजित पवार मुस्लिम कार्ड खेलेंगे? हर साल अपनी इफ्तार पार्टी के लिए सुर्खियों में रहने वाले बाबा सिद्दीकी की पिछले साल मुंबई में दशहरे के दिन हत्या कर दी गई थी। इसके बाद हुए विधानभा चुनावों में जीशान हार गए थे। उन्हों बांद्रा पूर्व से शिवसेना यूबीटी उम्मीदवार वरुण सरदेसाई ने हराया था।

## महायुति से कौन से नाम चर्चा में?

विधान परिषद की पांच सीटों के लिए शिवसेना से आमशा पाडवी और अजित पवार की अगुवाई वाली एनसीपी से राजेश विटेकर और उनके अलावा जीशान सिद्दीकी का नाम चर्चा में है। ऐसा कहा जा रहा है कि रविवार यानी 16 मार्च तक तीनों पार्टियों की तरफ से नामों का ऐलान हो सकता है क्योंकि नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 17 मार्च निर्धारित की गई है। शिंदे गुट से शीतल म्हात्रे को प्रबल दावेदार माना जा रहा है, क्योंकि मुंबई में पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना को मुंहतोड़ जवाब देने के लिए जानी जानेवाली शीतल म्हात्रे के मजबूत होने का लाभपार्टी को बीएमसी चुनाव में मिलेगा।

## अजित पवार पर टिकी नजरें

मुंबई में एनसीपी नेता नवाब मलिक की इफ्तार पार्टी के बाद अब सभी की नजरें अजित पवार पर हैं कि क्या वह मुस्लिम कार्ड खेलेंगे या फिर इससे बचेंगे? सूत्रों का कहना है कि एक सीट के लिए पार्टी में लगभग 100 इच्छुकों ने आवेदन किया है। अजीत गुट में जीशान की दावेदारी मजबूत मानी जा रही है. अजीत के साथ पहले से बगावत में शामिल रहे कई दूसरे वरिष्ठ नेता जीशान को विधान परिषद की उम्मीदवारी दिए जाने के विरोध कर रहे हैं, क्योंकि विधानसभा चुनाव में अजीत ने कांग्रेसी विधायक जीशान सिद्दीकी को बांद्रा-पूर्व विधानसभा क्षेत्र से उम्मीदवार बनाया था, लेकिन जीशान चुनाव हार गए थे।

# महाराष्ट्र के बीड में पुलिसवालों की नेमप्लेट से सरनेम हटा, अब जाति नहीं, नाम से ही एक-दूसरे को बुलाएंगे

- महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिसकर्मी जातिगत भेदभाव खत्म करने के लिए बिना सरनेम वाली नेमप्लेट लगाएंगे। रढ नवनीत कंवत ने अधिकारियों को एक-दूसरे को नाम से बुलाने और वर्दी पर लगने वाली छोटी नेमप्लेट से भी सरनेम हटाने का निर्देश दिया है। 100 नई नेम प्लेट बांटी गई।



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मुंबई : महाराष्ट्र के बीड जिले में पुलिसकर्मी अब जाति आधारित भेदभाव को खत्म करने के लिए बगैर सरनेम वाली नेमप्लेट लगाएंगे। एक अधिकारी ने गुरुवार को बताया कि सेंट्रल महाराष्ट्र के थानों और ऑफिसों में ऐसी करीब 100 नेमप्लेट बांटी गई हैं। इससे पहले, जनवरी में बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कंवत ने जातिगत पूर्वाग्रह को रोकने के उद्देश्य से अधिकारियों को एक-दूसरे को सरनेम की जगह उनके नाम से बुलाने का निर्देश दिया था।एक अधिकारी ने बताया कि अब ऑफिस ने सुरक्षा कर्मियों के ऑफिस में टेबल पर लगने वाली नेमप्लेट से सरनेम हटाकर दी है। वर्दी पर लगने वाली छोटी नेमप्लेट से भी सरनेम हटाने का निर्देश दिया गया है। पिछले साल दिसंबर में मस्साजोग गांव के सरपंच संतोष देशमुख की हत्या के बाद नवनीत कंवत को बीड में तैनात किया गया था।

## सरपंच मर्डर में आया था जाति का एंगल

सरपंच संतोष देशमुख की पिछले साल 9 दिसंबर को अगवा कर प्रताड़ित करने के बाद हत्या कर दी गई थी। उनकी हत्या में भी जाति का एंगल आया था। संतोष मराठा थे, जबकि हत्या के अधिकतर आरोपी वंजारी हैं। वंजारी बीड का एक प्रमुख समुदाय है।इससे पहले, जनवरी में बीड के पुलिस अधीक्षक नवनीत कंवत ने जातिगत पूर्वाग्रह को रोकने के उद्देश्य से अधिकारियों को एक-दूसरे को उनके उपनाम के बजाय पहले नाम से संबोधित करने का निर्देश दिया था। अधिकारी ने बताया कि अब पुलिस अधीक्षक कार्यालय ने सुरक्षाकर्मियों के कार्यालयों में टेबल पर प्रदर्शित करने के लिए नेमप्लेट वितरित की हैं

**मध्य रेल**

**पुनः वायरिंग, विद्युत अनुप्रयोगों का प्रतिस्थापन**

भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. च. स्टा.) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई 400070, प्रतिष्ठित ठेकेदारों से खुली ई-निविदा वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से आमंत्रित करते हैं। **कार्य का विवरण:** पुराने प्रशासनिक भवन, ट्रैक्शन मोटर सेक्शन भवन, बेसिक प्रशिक्षण केंद्र में पुनः वायरिंग, विद्युत अनुप्रयोगों का प्रतिस्थापन तथा ईएमयू कारशेड कुर्ला के शेड में स्ट्रीट लाइट और बगीचे में पोल लाइट का प्रावधान। **ई-निविदा सूचना क्र. कुर्ला - आर एस-वर्क्स-2024-15; कार्य की औसत लागत:** रु.1,19,11,610.66 (जीएसटी साहित); **निविदा पत्र का मूल्य:** रु.0/-; **बोली प्रतिभूति:** रु.2,09,600/-; **वैधता:** 60 दिन; **समापन अवधि:** 12 महीना; **अनुदेश: 1.** उपरोक्त निविदा 14.04.2025 को 11:00 बंद हो जायेगी तथा उसके बाद 11.15 को खोली जाएगी। **2.** भावी निविदाकर्ताओ से अनुरोध है कि निविदा के विवरण एवं शुद्धीपत्र (यदि कोई हो तो) की अधिक जानकारी के लिए वेबसाइट **www.ireps.gov.in** को देखें। **3.** निविदाकर्ता केवल वेबसाइट **www.ireps.gov.in** के माध्यम से इलेक्ट्रॉनिक रूप से उपरोक्त ई-निविदा में भाग ले सकते हैं और ई-निविदा के लिए मैन्युअल प्रस्ताव प्रस्तुत करने की अनुमति नहीं है। मैन्युअल रूप से प्रस्तुत किए जाने पर न तो खोला जाएगा और न ही उस पर विचार किया जाएगा। **4.** आगे की अधिक जानकारी के लिए वरिष्ठ मंडल विद्युत इंजीनियर (क. च. स्टा) ई एम यु कुर्ला कारशेड मध्य रेल मुंबई - 400070 पर संपर्क कर सकते हैं। **5.** औद्योगिक नीति और संवर्धन विभाग (डीआईपीपी) द्वारा स्टार्टअप के रूप में मान्यता प्राप्त किसी भी फर्म को ऊपर वर्णित बोली सुरक्षा के भुगतान से छूट दी जाएगी। श्रम सहकारी समितियां ऊपर वर्णित उपरोक्त बोली सुरक्षा का केवल 50% ही जमा करेंगी। अधिक जानकारी के लिए जीसीसी कार्य 2022 या इसके नवीनतम संशोधन देखें। 6. यह निविदा सार्वजनिक खरीद नीति आदेश 2017 दिनांक 15.06.2017 का अनुपालन करती है।

**खुली ई-निविदा सूचना क्र. कुर्ला - आर एस - वर्क्स - 2024-15 दि. 12.03.2025.**

Download UTS App for Tickets 844

# ब्रम्ह ऋषि फाउंडेनकी ओर से ओमप्रकाश शर्मा राजस्थानी गौरव पुरस्कार से सम्मानित




भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे ,ब्रम्ह ऋषि फाउंडेन की ओर से आयोजित संगीतमय होली कार्यक्रम में बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर सर्वसमाज के लोगों ने कार्यक्रम का आनंद लिया .इस अवसर पर ठाणे के विधायक संजय केलकर और भाजपा के वरिष्ठ नेता ओमप्रकाश शर्मा को राजस्थानी गौरव पुरस्कार से सम्मानित किया गया .ठाणे के काशीनाथ घाणेकर सभागृह में आयोजित होली स्नेह मिलन कार्यक्रम का संचालन पवन कुमार शर्मा ने किया है .

# बेटी के लिव्हर दान से पिता को मिला जीवनदान

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मुंबई , होली के शुभ अवसर पर धुले जिले के नवसारे परिवार के लिए इस साल की होली बेहद खास थी। परिवार के मुखिया सुरेश नवसरे ( 43 ) को अपनी बेटी के लीवर दान से नया जीवन मिला और परिवार के स्वस्थ भविष्य की आशा जगी। महाराष्ट्र पुलिस विभाग में सब-इंस्पेक्टर सुरेश पहले लीवर की गंभीर बीमारी से पीड़ित थे।उन्हें 5 मार्च 2025 को राहत मिली, जब उनकी 18 वर्षीय बेटी मयूरी ने अपना लीवर दान किया।

इस सर्जरी की सफलता के बाद, मयूरी अपने पिता को उनकी पसंद के अनुसार पूरनपोली खिलाकर होली मनाई और परिवार की एक नई शुरूआत की है।परिवार ने इस अवसर को मुलुंड के फोर्टिस अस्पताल में मनाया, जहां सुरेश के इलाज के अच्छे परिणाम मिले हैं।मयूरी के बलिदान के लिए परिजन डॉ. विक्रम राउत और उनकी टीम को धन्यवाद, जिनके मार्गदर्शन में सुरेश का लीवर प्रत्यारोपण सफलतापूर्वक किया गया। सुरेश को पांच महीने पहले जलोदर का पता चला था। बाद में उन्हें ऑटोइम्यून लिवर विफलता का पता चला, जिसके कारण उनका लिवर खराब हो गया। इस स्थिति के कारण उन्हें लिवर ट्रांसप्लांट कराने की सलाह दी गई थी। सुरेश ने हमेशा अपने परिवार के लिए कड़ी मेहनत की थी और यही वजह है कि उनकी बेटी मयूरी ने उनकी मदद करने का फैसला किया। ₹पिताजी ने हमारे लिए हमेशा कड़ी मेहनत की, और जब डॉक्टरों ने कहा कि उन्हें लीवर प्रत्यारोपण की आवश्यकता है। जब मुझे बताया गया कि उन्हें लीवर ट्रांसप्लांट की जरूरत है, तो मुझे तुरंत पता चल गया कि मैं उनकी मदद कर सकती हूं। मयूरी ने कहा, अपने पिता को सफल सर्जरी से ठीक होते हुए देखकर, मैं बस यही सोच सकती थी कि यह हमारे परिवार के भविष्य की शुरूआत है।डॉ विक्रम राउत ने लिवर ट्रांसप्लांट के बारे में कहा कि सुरेश का इम्यून सिस्टम उनके लिवर पर हमला कर रहा था, जिससे लिवर कोशिकाएं नष्ट हो गई। उचित इलाज के बिना उनकी बीमारी और भी गंभीर हो सकती थी, लेकिन समय पर निदान होने के कारण उन्हें इलाज मिला और सर्जरी सफल रही।उम्मीद है कि मयूरी का यह साहसिक फैसला लीवर दान के प्रति जागरुकता पैदा करेगा। डॉ. विक्रम राऊत ने कहा, ₹मयूरी का लीवर स्वस्थ है और उसे कोई अन्य गंभीर बीमारी नहीं है। उसका लीवर कुछ महीनों में पुनर्जीवित हो जाएगा और उसके बाद वह बिना किसी समस्या के अपना जीवन जी सकेगी। अब, सुरेश की हालत में सुधार हो रहा है, लेकिन उन्हें इम्यूनोसप्रेसेन्ट्स के साथ इलाज जारी रखना होगा। 12 मार्च 2025 को छुट्टी मिलने के बाद, मयूरी धीरे-धीरे ठीक हो रही है और अपनी शिक्षा के अगले चरण पर ध्यान केंद्रित करने के लिए उत्सुक है। वह एक दिन कोर्ट स्टेनोग्राफर बनने का सपना देख रही है और उसका साहसिक निर्णय उसके परिवार को एक नई शुरूआत देता है।

फास्ट ट्रैक

# मनपा की वर्ष 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट स्थायी समिति को सौंपी गई

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

ठाणे , मीडिया में यह खबर छपी है कि ठाणे मनपा का पिछले 5 वर्षों में ऑडिट नहीं हुआ है। दरअसल, ठाणे मनपा की वर्ष 2019-20 की ऑडिट रिपोर्ट पहले ही स्थायी समिति को सौंपी जा चुकी है। जबकि, बाकी के लिए वित्तीय वर्ष 2020-21 और 2021-22 की ऑडिट रिपोर्ट के लिए मार्च-2025 और वित्तीय वर्ष 2022-23 और 2023-24 की ऑडिट रिपोर्ट के लिए दिसंबर-2025 निर्धारित की गई है ।महाराष्ट्र नगर निगम अधिनियम की धारा 106 के तहत लेखापरीक्षा की अंतिम रिपोर्ट स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया जाता है। वर्तमान में, वित्तीय वर्ष 2019-20 के लिए ठाणे मनपा का ऑडिट पूरा करने के बाद, रिपोर्ट स्थायी समिति के समक्ष प्रस्तुत किया गया है.ठाणे मनपा के विभागों को 24 प्रभागों में विभाजित किया गया है और उनका ऑडिट किया जाता है। तदनुसार, वित्तीय वर्ष 2020-21 एवं 2021-22 का ऑडिट कार्य भी पूरा हो चुका है। इनमें 07 विभागों की रिपोर्ट स्थायी समिति को सौंप दिया गया है। बाकी 17 विभागों की ऑडिट रिपोर्ट को अंतिम रूप देने की प्रक्रिया मार्च 2025 के अंत तक पूरी कर ली जाएगी ।वित्तीय वर्ष 2022-23 एवं 2023-24 का ऑडिट दिनांक. 01/07/2024 से प्रारंभ है। उसके लिए ऑडिट कार्यक्रम का बजट तय कर दिया गया है। दिसंबर 2025 तक ऑडिट पूरा करने का लक्ष्य है। वर्ष 2024 में लोकसभा आम चुनाव और विधानसभा चुनाव हुए। उक्त चुनाव के लिए लेखा परीक्षा विभाग के अधिकांश कर्मचारी चुनाव ड्यूटी पर थे। इसके कारण ऑडिट कार्यवाही में देरी हुई यह एक तथ्य है। बेशक, चुनाव कार्य पूरा होने के बाद ऑडिट विभाग आगे की कार्रवाई कर रहा है और मार्च 2025 और दिसंबर 2025 के दोनों लक्ष्य तय समय में पूरे हो जाएंगे, ऐसा चीफ ऑडिटर दिलीप सूर्यवंशी ने बताया।

## जेल में अनोखी पहल, अपराध से तौबा का जुलूस

### शाहजहांपुर में महिला बंदियों ने होली पर डांस किया, जेल अधीक्षक को गोद में उठाया

शाहजहांपुर, जिला कारागार में होली के अवसर पर एक अनूठी पहल की गई। यहां लाट साहब जुलूस की तर्ज पर अपराध से तौबा का जुलूस निकाला गया। जेल अधिकारियों की निगरानी में बंदियों ने एक पुतला बनाया, जिसे अपराधी का रूप दिया गया।इस पुतले को जेल की सभी बैरकों में घुमाया गया। कार्यक्रम के दौरान बंदियों ने जेल के अंदर बनाए गए गुलाल और फूलों से होली खेली।महिला और पुरुष बंदियों ने जमकर जश्न मनाया।उनके लिए डीजे की विशेष व्यवस्था की गई थी।महिला बंदियों ने गानों पर डांस करते हुए एक-दूसरे को रंग लगाया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण तब बना जब बंदियों ने जेल अधीक्षक को गोद में उठाकर डांस किया। जेल अधीक्षक मिजाजीलाल ने बताया कि जेल में सभी त्योहार मनाए जाते हैं। उन्होंने कहा कि पहली बार निकाले गए इस जुलूस का उद्देश्य अपराधियों को अपराध से तौबा कराना था। शाहजहांपुर में होली पर निकलने वाला लाट साहब का जुलूस प्रसिद्ध है, जिसकी तैयारियां एक महीने पहले से शुरू हो जाती हैं।

## दो गुटों में झड़प, बाहर से बुलाए लोग

### जलालाबाद में लाठी-डंडों से मारपीट, पुलिस आते ही बाइक छोड़कर भागे

शाहजहांपुर, जलालाबाद स्थित ग्राम दिबियापुर में दो पक्षों के बीच जमकर मारपीट हुई। शनिवार दोपहर करीब एक बजे हुई इस घटना का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। घटना की जानकारी के अनुसार, पहले दोनों पक्षों में कहासुनी हुई।इसके बाद एक पक्ष ने फोन कर ग्राम अतिवरा से कई लोगों को मोटरसाइकिल पर बुला लिया।अतिवरा से आए तीन-चार लोग मारपीट और दबाव बनाने के लिए मौके पर पहुंच गए।जब बाहर से काफी लोग आ गए तो दिबियापुर के लोगों ने नाराज होकर उन्हें जमकर पीट दिया।सूचना मिलते ही डायल 112 पुलिस मौके पर पहुंची।पुलिस को देखते ही कुछ आरोपी अपनी मोटरसाइकिलें छोड़कर फरार हो गए।

# उल्हासनगर मनपा द्वारा वालधुनी नदी का स्वच्छता अभियान एक बार पुनः प्रारंभ हुआ

## वालधुनी नदी संवर्धन समिति ने स्वच्छता अभियान का स्वागत किया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




उल्हासनगर.सहयाद्रि पर्वत श्रेणी के अंतर्गत अंबरनाथ स्थित काकोला पहाड़ियों से निकलने वाली ठाणे जिले की वालधुनी नदी अंबरनाथ, उल्हासनगर और कल्याण में बहने वाली लगभग 32 किमी लंबी नदी किसी जमाने में जल का एक महत्वपूर्ण स्त्रोत हुआ करती थी। 1923 ई.में अंग्रेजों ने वालधुनी नदी पर ग्रेट इंडियन पेनिनसुला रेलवे के लिए एक तालाब बनाया था जिसके पानी का उपयोग कल्याण रेलवे स्टेशन के लिए होता था लेकिन वर्तमान समय में यह नदी अवैध निमार्णों,कारखानों के अपशिष्टों के मिलने से और लोगों द्वारा तमाम तरीकों से उसे प्रदूषित करने से आज यह एक गंदे नाले में परिवर्तित हो चुकी है। उल्हासनगर मनपा द्वारा इसके शुद्धिकरण और स्वच्छता के लिए अब तक 500 करोड़ रुपए से अधिक खर्च हो चुका है। एक बार पुनः वालधुनी नदी पर स्वच्छता अभियान प्रारंभ हो चुका है। यह अभियान उल्हासनगर कैम्प क्रमांक 3 स्थित उल्हास नगर रेलवे स्टेशन के पास से शुरू हो चुका है और वडोल गांव, अशोकनगर से लेकर उल्हासनगर स्टेशन पुल तक चल रहा है। उल्हासनगर स्टेशन गौशाला के आगे वडोलगाव पुल और हीराघाट तक वालधुनी नदी से अपशिष्ट पदार्थों को निकालने का कार्य निरंतर चलता रहेगा। उल्हासनगर मनपा के आरोग्य व स्वच्छता विभाग द्वारा पिछले 8 वर्षों से स्वच्छता अभियान के अंतर्गत लगभग 6000 डंफर कचरा नदी से निकाला गया है। मनपा द्वारा वालधुनी नदी स्वच्छता अभियान पर विशेष ध्यान दिए जाने के कारण आगामी मानसून में बाढ़ का पानी लोगों के घरों में घुसने की संभावना कम बताई है रही है। निरंतर सफाई अभियान से नदी से केमिकल और सीवेज की बदबू का असर भी कम हो जाता है ।वालधुनी नदी संवर्धन समिती ने वालधुनी नदी स्वछता अभियान के लिये उल्हासनगर मनपा प्रशासन के इस कार्य का स्वागत करते हुए आयुक्त मनीषा आव्हाले का धन्यवाद ज्ञापित किया है।

# अंबरनाथ में आयोजित युवा रंग महोत्सव में होली का जमकर जश्न मनाया गया

- युवा रंग महोत्सव का आयोजन युवा सेना निरीक्षक एडवोकेट निखिल वालेकर ने किया था।
- होली की मस्ती और डी.जे. बिन्नी तथा डी.जे. सिम्रता चौधरी की धुनों पर झूमे लोग।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अंबरनाथ. युवा सेना निरीक्षक कल्याण भिवंडी लोकसभा एडवोकेट निखिल अरविंद वालेकर और युवासेना के सौजन्य से शुक्रवार होली के दिन अंबरनाथ पूर्व के साईं सेक्शन स्थित अटल उद्यान में आयोजित युवा रंग महोत्सव के दूसरे एडिशन में युवाओं,बच्चों और वरिष्ठ नागरिकों ने होली की मस्ती, रंगों की रंगीनियों और डी.जे. बिन्नी और डी.जे. सिम्रता चौधरी के गीत संगीत की धुनों पर जमकर होली के त्यौहार का आनंद लिया गया। युवा रंग महोत्सव ने अंबरनाथकरों की होली की उमंगों,उत्साह, उल्लास और मस्ती को दुगुना कर दिया।सुबह से लेकर दोपहर तक हजारों की संख्या में उपस्थित लोगों विशेषकर युवाओं ने होली का जमकर आनंद उठाया। युवा रंग महोत्सव में अंबरनाथ शिवसेना के शहर प्रमुख पूर्व नगराध्यक्ष अरविंद वालेकर,अंबरनाथ नपा की पूर्व नगराध्यक्ष मनीषा वालेकर,पूर्व नगरसेवक राजेंद्र वालेकर,एडवोकेट निखिल अरविंद वालेकर,भाजपा के कल्याण जिला उपाध्यक्ष संजय जाधव, शिवसेना विभाग प्रमुख प्रकाश डावरे,पद्माकर दिघे,अरविंद मालूसरे,एडवोकेट संदीप भराड़े,नीता परदेशी के साथ साथ शहर के अन्य महत्वपूर्ण लोगों और हजारों की संख्या में लोगों ने इस कार्यक्रम में उपस्थित होकर होली का जमकर आनंद लिया।



एडवोकेट निखिल वालेकर ने इस अवसर पर अपने विचार व्यक्त करते हुए कहा कि युवा रंग महोत्सव का आयोजन कल्याण लोकसभा के सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे के आदेशानुसार और शिवसेना के शहर प्रमुख अरविंद वालेकर के मार्गदर्शन में दूसरी बार भव्य तौर पर आयोजित किया जा रहा है जिसमें सभी अंबरनाथ वासियों के लिए प्राकृतिक रंगों, डी जे संगीत की धुनों,बच्चों के लिए गेम्स,रेन डांस और लाड़की बहनों के लिए कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं।इस कार्यक्रम को सफल बनाने में सभी अंबरनाथ वासियों और युवा सेना के सभी सदस्यों का भरपूर योगदान रहा है।

# बदायूं में दहेज के लिए पत्नी को घर से निकाला

- बाइक और 2 लाख रुपए की मांग, शाहजहांपुर की महिला ने केस दर्ज कराया

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



शाहजहांपुर, एक महिला ने बदायूं में अपने पति और ससुराल वालों के खिलाफ दहेज प्रताड़ना का मामला दर्ज कराया है। महिला की शादी छह साल पहले बदायूं के एक युवक से हुई थी। शादी में पीड़िता के परिवार ने पांच लाख रुपये खर्च किए थे। पीड़िता का आरोप है कि शादी के बाद उसके पति और ससुराल वाले बुलेट मोटरसाइकिल और दो लाख रुपये की अतिरिक्त मांग करने लगे।जब उसने इनकार किया तो उसके साथ मारपीट की गई।इतना ही नहीं, उसे उसकी छोटी बेटी के साथ घर से भी निकाल दिया गया।पीड़िता ने बताया कि जब उसने दहेज की मांग के बारे में अपने पिता को बताया, तो उन्होंने काफी मिन्नतें कीं।इसके बाद ससुराल वाले उसे वापस ले गए, लेकिन वहां भी उसे प्रताड़ित किया गया। पति और ससुराल वालों ने फिर से दहेज की मांग को लेकर मारपीट की और उसे एक कार से उसके मायके छोड़ गए।साथ ही धमकी दी कि अगर बिना दहेज के वापस आई तो जान से मार देंगे। पुलिस ने पीड़िता की शिकायत पर एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है।

## कोतवाली मान्धाता में होली के रंग में सराबोर नजर आई पुलिस

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रतापगढ़ ( उप्र ), गांव, समाज के अमन-चैन के लिए अपने गांव समाज से दूर अपनी जिम्मेदारियों का बाखूबी निर्वाहन कर रहे पुलिस को आज होली के दूसरे दिन होली के रंग में सराबोर देखा गया। पुलिस कर्मियों को एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर होली उत्सव मनाया।कुछ इसी तरह का नजारा आज कोतवाली मान्धाता में नजर आया। होली के दिन ड्युटी और होली पर्व बंदोबस्त से राहत मिलने के बाद कोतवाली मान्धाता में पुलिस वालों ने एक-दूसरे को गुलाल अबीर लगाकर होली की शुभकामनाएं दी।कोतवाली मान्धाता में थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने सभी पुलिस वालों को होली पर सराहनीय बंदोबस्त के लिए अभिनंदन करते हुए होली की बधाई दी। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने कहा कि मान्धाता पुलिस हमारा परिवार है और हम सभी अपनी ड्यूटी का इमानदारी पूर्वक निर्वाहन करते हुए अपने घर परिवार से दूर रहने के बावजूद भी पारिवारिक माहौल बनाए हुए हैं। थानाध्यक्ष सुभाष कुमार यादव ने कहा कि मान्धाता पुलिस टीम बहुत सराहनीय कार्य कर रही है और क्षेत्र की कानून व्यवस्था को लेकर जनता के बीच विश्वास मजबूत किया है ।एस आई सुधीर पांडेय ने सभी पुलिस वालों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा कि जनता भी हमारा परिवार है और हम परिवार से दूर रहने के बावजूद क्षेत्र की जनता के बीच पारिवारिक माहौल में रहने का एहसास होता है।सुधीर पांडेय ने कहा कि हमारे परिवार की भी सुरक्षा के लिए पुलिस है ठीक उसी तरह,जिस तरह हम भी किसी की सुरक्षा व्यवस्था के लिए है। कोतवाली मान्धाता पुलिस ने हर्षोल्लास के साथ होली मनाई और एक दूसरे को होली की बधाई दी।इस अवसर पर एस आई अनूप कुमार यादव, हेमंत कुमार वर्मा, चौकी इंचार्ज सुभाष सिंह, सहित महिला और पुरुष पुरुष कर्मी भी उपस्थित थे।

# रेलवे ट्रैक पर मिला अज्ञात शव

- युवक की ट्रेन से कटकर मौत, पहचान के लिए सोशल मीडिया पर फोटो वायरल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क




मिर्जापुर, मिर्जापुर के जमालपुर थाना क्षेत्र में एक दर्दनाक घटना सामने आई है। जीवनाथपुर रेलवे स्टेशन के पास गोरखपुर माफी गांव में अप लाइन पर एक अज्ञात युवक का शव मिला है। पुलिस के अनुसार, पोल नंबर 681/29 के पास ट्रेन से कटकर युवक की मौत हुई है।मृतक की उम्र लगभग 35 वर्ष आंकी गई है। पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव की तलाशी ली, लेकिन उसके पास से पहचान का कोई दस्तावेज नहीं मिला ।थाना प्रभारी विजय कुमार सरोज ने बताया कि मृतक की पहचान के लिए सोशल मीडिया का सहारा लिया गया।हालांकि, अभी तक किसी ने भी शव की पहचान नहीं की है। पुलिस ने शव को पोस्टमॉर्टम के लिए मचूर्री हाउस भेज दिया है।मामले की जांच जारी है।

# रोजा, नमाज और इबादत का पवित्र महीना रमजान अकीदत और मुहब्बत से मनाया जा रहा है।

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

- 2 मार्च को पहला रोजा था, ईद 31 मार्च या 1 अप्रैल को मनाई जाएगी।
- होली का त्यौहार और शुक्रवार की नमाज दोनों शांतिपूर्ण ढंग से सम्पन्न हुई।


अंबरनाथ. इस्लाम धर्म के अनुयाई मुसलमानों का इबादत और दान पुण्य का पवित्र महीना माह-ए-रमजान 02 मार्च से प्रारंभ हो गया है और संभवतः चांद के हिसाब से 31 मार्च या 1 अप्रैल को ईद का त्यौहार मनाया जाएगा। अंबरनाथ और आसपास के मुस्लिम बहुल इलाकों में रोजे,नमाज और ईद की तैयारियों को लेकर विशेष चहल पहल और रौनक देखी जा रही हैं। शुक्रवार को होली का त्यौहार और जुम्मे की नमाज भी बड़े ही शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुई। अंबरनाथ पश्चिम के अल्पसंख्यक बहुल इलाकों वूलन चाल,गैबन शाह वली की दरगाह परिसर,कैलाश नगर की मदीना मस्जिद,जूना भिंडी पाड़ा की नूरुल इस्लाम मस्जिद, खूंटवली की जामा मस्जिद आदि मस्जिदों और घरों में लोग रोजे नमाज और इबादतों में व्यस्त हैं। बाजारों में इफ्तारी और सेहरी के लिए तमाम तरीके के व्यंजनों,कपड़े और श्रृंगार आदि की दुकानों पर चहल पहल बढ़ गई है। इस्लाम धर्म की मान्यताओं के अनुसार इस पवित्र महीने में इस्लाम धर्म के पैगम्बर हजरत मुहम्मद साहब पर मुसलमानों के पवित्र धर्मग्रंथ कुरान शरीफ नाजिल( अवतरित ) हुई थी। यह महीना मुस्लिम समाज में बड़ा ही महत्वपूर्ण माना जाता है जिसमें अपनी इंद्रियों पर नियंत्रण करना,दीनहीन दुर्बलों की सेवा भाव और दानपुण्य करने पर विशेष बल दिया जाता है।

## माह-ए-रमजान की महत्वपूर्ण बातें

1. रोजा - रमजान के पवित्र महीने में सभी मुस्लिमों पर 30 दिन के रोजे रखना फर्ज. है। सुबह सेहरी से लेकर शाम को इफ़्तार तक बिना कुछ खाए पिए रोजा रखते हैं।

2. तरावीह- रात में इंशा की नमाज के बाद प्रतिदिन तरावीह के रूप में विशेष नमाज पढ़ी जाती है जिसमें कुरान की मुकम्मल आयतें पढ़ी जाती है।पुरुष मस्जिदों में और महिलाएं घरों में ये विशेष नमाज पढ़ती हैं।

3. कुरान की तिलावत- रमजान के पूरे महीने मस्जिदों और घरों में कुरान की तिलावत (पाठ) की जाती है। नियमित




4. जकात-समाज में आर्थिक असमानता दूर करने और गरीबों की मदद करने के लिए सभी मुस्लिम एक निश्चित आय लिमिट के बाद होने वाली आय पर ढाई प्रतिशत की दर से गरीबों,अनाथों और बेसहारा लोगों में बांटते हैं।

5. फितरा- फितरा भी दान का ही एक प्रकार है जिसे प्रत्येक मुसलमान को ईद की नमाज से पहले अदा करना अनिवार्य होता है। वर्तमान दरों पर कम से कम लगभग ढाई किलो गेहूं की कीमत के बराबर रुपए गरीब लोगों में दान करने पड़ते हैं।

6. एतिकाफ- रमजान के महीने में 20 रोजे के बाद मस्जिद के अंदर रहकर ही विशेष इबादत और कुरान का पाठ आदि करने को एतिकाफ कहते हैं।

7. रमजान के तीन अशरे- रमजान के महीने में 1 से 10 रोजे तक रहमत का अशरा, 11 वें से 20 रोजे तक मगफिरत का अशरा और 21 से 30 रोजे तक जहन्नम की आग से बचाने वाला अशरा माना जाता है।

# होली पर कोल बस्ती में लोक परंपरा का जश्न



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

मिर्जापुर, लालगंज में होली के दूसरे दिन कोल बस्ती में पारंपरिक लोकगीतों का भव्य आयोजन हुआ। काली दुर्गा मंदिर परिसर में आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में श्रद्धालु और स्थानीय लोग मौजूद रहे। क्षेत्र के प्रसिद्ध लोकगीत गायकों ने माता काली मंदिर पर शीष नवाकर भक्ति गीत और राष्ट्रभक्ति के गीत प्रस्तुत किए। यह परंपरा कई वर्षों से चली आ रही है। होली के दूसरे दिन कोल बस्ती के लोग मां काली के मंदिर पर दोपहर से देर शाम तक कार्यक्रम का आयोजन करते हैं। कलाकारों ने पारंपरिक धुनों पर अपनी प्रस्तुतियां दीं।

पौराणिक गाथाओं को लोकगीतों के माध्यम से जीवंत किया गया। वीरता के गीतों ने जोश और उत्साह का संचार किया। भक्ति गीतों ने वातावरण को आध्यात्मिक बना दिया। आदिवासी कलाकार लोधई कोल, कीनक कोल, महंगी कोल और बुद्धू कोल ने पारंपरिक वाद्ययंत्रों के साथ प्रस्तुति दी। ढोल, मृदंग और अन्य वाद्ययंत्रों की धुन ने गीतों को और प्रभावशाली बनाया। श्रद्धालुओं ने तालियों और जयकारों से कलाकारों का उत्साह बढ़ाया।

भारत संवाद परिवार

1-संरक्षक-भारत संवाद
डॉ राम किशोर शर्मा
पूर्व विभागाध्यक्ष इलाहाबाद विश्व विद्यालय कबीर सम्मान 2021 से सम्मानित,
2-संरक्षक-भारत संवाद
आचार्य पं0 पृथ्वीनाथ पाण्डेय
भाषाविज्ञानी एंव मीडियाध्ययन विशेषज्ञ
3-संरक्षक-भारत संवाद
गजानन महतपुरकर
(सुपरिचित कवि, लेखक, गीतकार, मंच संचालक, स्वतंत्र पत्रकार एवं सदस्य, महाराष्ट्र राज्य हिंदी साहित्य अकादमी तथा पश्चिम रेलवे, चर्चगेट के वरिष्ठ जनसम्पर्क अधिकारी पद से सेवानिवृत्त)
4-कला एवं मनोरंजन संपादक (भारत संवाद)
जगन्नाथ तिवारी
5-उपसंपादक (भारत संवाद)
माता प्रसाद शर्मा
6-प्रभारी प्रयागराज संस्करण (भारत संवाद)
आशीष कुमार शर्मा

# बलूच आर्मी का दावा- सभी 214 बंधकों को मार डाला

## कहा- जंग अभी जारी; पाकिस्तानी सेना ने ट्रेन हाईजैक खत्म होने का दावा किया था

एजेंसी

इस्लामाबाद, पाकिस्तान में ट्रेन हाईजैक करने वाली बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी (बीएलए) ने दावा किया है कि उसने सभी 214 बंधकों को मार डाला है। आज बीएलए ने एक बयान में कहा कि हमने पाकिस्तानी सेना को बंधकों की अदला-बदली करने के लिए 48 घंटे का समय दिया था। लेकिन पाकिस्तान की जिद के चलते इतने लोगों की जान गई। बीएलए ने कहा कि यह युद्ध अभी खत्म नहीं हुआ, बल्कि और तेज हो गया है। अपनी आजादी के लिए लड़ रहे बलूच लड़ाके लगातार हमले कर रहे हैं। पाकिस्तानी सेना अपने सैनिकों के शव नहीं निकाल पा रही है। बीएलए ने कहा कि ऑपरेशन दर्रा-ए-बोलान पूरा होने के बाद हम इसकी डिटेल जानकारी देंगे। बीएलए ने 12 मार्च को जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक किया था। इसके अगले ही दिन यानी 13 मार्च को पाकिस्तानी सेना ने दावा किया था कि




ट्रेन हाईजैक संकट खत्म हो गया है। उन्होंने कहा था कि हमने 33 बलूच लड़ाकों को मार गिराया है। इस ऑपरेशन में कुछ बंधक भी मारे गए हैं। बीएलए ने कहा कि हमारे लड़ाकों ने खुद शहादत चुनी, लेकिन अब पाकिस्तानी सेना हमारे फिदायीन लड़ाकों के शवों को अपनी सफलता के तौर पर पेश करने की कोशिश कर रही है। जबकि हमारे लड़ाकों का असली मिशन आखिरी दम तक लड़ना था, वापस लौटना नहीं। बलूच सेना ने कहा कि हमने हमेशा युद्ध और अंतरराष्ट्रीय कानूनों के मुताबिक काम किया है, लेकिन पाकिस्तानी सरकार ने अपने सैनिकों को बचाने के बजाय उन्हें युद्ध के ईंधन के तौर पर इस्तेमाल किया है। पाकिस्तानी सेना अपनी सभी सैन्य और खुफिया क्षमताओं के बावजूद बंधकों को छुड़ाने में विफल रही। पाकिस्तान ने इस ट्रेन हाईजैक में भारत का हाथ होने के आरोप लगाया था। पाकिस्तान के आरोपों को भारत ने खारिज कर दिया। भारतीय विदेश मंत्रालय ने प्रेस रिलीज जारी कर कहा कि दुनिया जानती है कि आतंकवाद का केंद्र कहां है। इससे पहले पाकिस्तानी फॉरेन ऑफिस ने ये दावा भी किया था कि बलूच लड़ाके हाईजैक के दौरान अफगानिस्तान में मौजूद अपने सरगनाओं के संपर्क में थे, उन्हें वहां से ऑर्डर मिल रहे थे। हालांकि, अफगान सरकार ने इस दावे को नकार दिया है।

बलूचिस्तान के बोलान जिले में हुआ हमला जाफर एक्सप्रेस 11 मार्च की सुबह 9 बजे क्वेटा से पेशावर के लिए चली थी। इसके सिबि पहुंचने का टाइम 1.30 बजे था। इससे पहले ही दोपहर करीब 1 बजे बलूचिस्तान के बोलान जिले के माशकाफ इलाके में बलूच लिबरेशन आर्मी ने गुडालार और पीरू कुनरी के बीच इस हमले को अंजाम दिया। यह पहाड़ी इलाका है, जहां 17 सुरंगें हैं, इसके चलते ट्रेन को धीमी स्पीड पर चलाना पड़ता है। इसका फायदा उठाकर बीएलए ने ट्रेन पर हमला किया। सबसे पहले बलूच आर्मी ने माशकाफ में टनल नंबर-8 में रेलवे ट्रैक को उड़ा दिया। इससे जाफर एक्सप्रेस डिरेल हो गई। इसके बाद बीएलए ने फायरिंग शुरू कर दी। फायरिंग में ट्रेन का ड्राइवर भी घायल हुआ।

# यूएस उपराष्ट्रपति बोले- ग्रीनकार्ड होल्डर्स को वापस भेज सकते हैं

## उन्हें हमेशा रहने का अधिकार नहीं; 10 साल में 7.16 लाख भारतीयों को मिला ग्रीनकार्ड

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा है कि ग्रीन कार्ड होल्डर्स हमेशा के लिए अमेरिका में नहीं रह सकते हैं। ग्रीन कार्ड रखने का मतलब यह नहीं है कि किसी को जिंदगी भर के लिए अमेरिका में रहने का अधिकार मिल गया है। सरकार के पास ग्रीन कार्ड होल्डर्स को निकालने का अधिकार है। ये बात उन्होंने एक टीवी चैनल को दिए इंटरव्यू में कही। ग्रीन कार्ड को कानूनी तौर पर स्थायी निवासी कार्ड के नाम से जाता है। इससे अमेरिका में परमानेंट तौर पर रहने और काम करने का अधिकार मिलता है, बशर्ते व्यक्ति ऐसे अपराध में शामिल न



हो जिससे इमिग्रेशन कानूनों का उल्लंघन होता हो। यूएसए फैक्ट्स के मुताबिक, 2013 से 2022 तक अमेरिका में 7.16 लाख भारतीयों को ग्रीनकार्ड मिला है। अमेरिका में ग्रीन कार्ड रखने वाले लोगों में मेक्सिको के बाद भारतीय दूसरे नंबर पर हैं। 2022 में 1.27 लाख भारतीयों को ग्रीन कार्ड मिला है। इनके अलावा 12 लाख से ज्यादा भारतीय प्रवासी ग्रीन कार्ड की वेटिंग लिस्ट में हैं। ग्रीन कार्ड मिलने के 3 से 5 साल के अंदर कोई व्यक्ति अमेरिका की परमानेंट रेजिडेंसी के लिए अप्लाई कर सकता है। न्यूयॉर्क पोस्ट की रिपोर्ट के मुताबिक वेंस के बयान के बाद ग्रीन कार्ड धारकों में यह चिंता बढ़ सकती है कि वे अचानक निर्वासित किए जा सकते हैं। कई साल से अमेरिका में रहकर कानूनी प्रक्रियाओं का पालन करने वाले प्रवासियों के बीच इस बात का डर फैल सकता है कि राजनीतिक फैसलों से उनका स्थायी निवास पर असर पड़ सकता है। वेंस की टिप्पणी ऐसे समय में आई है, जब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प, ट्रम्प गोल्ड कार्ड नाम के एक वीजा प्रोग्राम को बढ़ावा दे रहे हैं। इस प्रोग्राम के तहत विदेशी नागरिक 5 मिलियन डॉलर यानी करीब 44 करोड़ रुपए देकर अमेरिका की नागरिकता हासिल कर सकते हैं। ट्रम्प ने इसे अमेरिकी नागरिकता का रास्ता बताया है। ट्रम्प ने गोल्ड कार्ड को ईबी-5 वीजा प्रोग्राम का विकल्प बताया और कहा कि भविष्य में 10 लाख गोल्ड कार्ड बेचे जाएंगे। फिलहाल अमेरिकी नागरिकता के लिए ईबी-5 वीजा प्रोग्राम सबसे आसान रास्ता है। इसके लिए लोगों को 1 मिलियन डॉलर (करीब 8.75 करोड़ रुपए) देने होते हैं। ट्रम्प के मुताबिक यह वीजा कार्ड अमेरिकी नागरिकता के रास्ते खोलेगा। इसे खरीदकर लोग अमेरिका आएंगे और यहां बहुत ज्यादा टैक्स भरेंगे।

# हमास का समर्थन करने पर भारतीय छात्रा का वीजा रद्द

## खुद अमेरिका छोड़ा, ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी की 3300 करोड़ की मदद रोकी

एजेंसी

वॉशिंगटन, अमेरिका की कोलंबिया यूनिवर्सिटी में पढ़ रही भारतीय छात्रा रंजनी श्रीनिवासन का वीजा रद्द कर दिया गया है। अमेरिकी गृह सुरक्षा विभाग (डीएचएस) ने आरोप लगाया है कि श्रीनिवासन 'हिंसा-आतंकवाद को बढ़ावा देने' और हमास का समर्थन करने वाली गतिविधियों में शामिल थीं। वीजा रद्द होने के बाद रंजनी ने अमेरिका छोड़ दिया है। डीएचएस के मुताबिक रंजनी को एफ-1 स्टूडेंट वीजा के तहत कोलंबिया यूनिवर्सिटी के अर्बन प्लानिंग में पीएचडी करने के लिए एडमिशन मिला था। अमेरिकी विदेश विभाग ने 5 मार्च को उनका वीजा निरस्त कर दिया था। रंजनी ने 11 मार्च को खुद से अमेरिका छोड़ दिया। डीएचएस की सचिव क्रिस्टी नोएम ने कहा कि यदि कोई व्यक्ति हिंसा और आतंकवाद का समर्थन करता है, तो उसे इस देश में रहने की अनुमति नहीं दी जानी चाहिए। ट्रम्प प्रशासन ने पिछले सप्ताह कोलंबिया यूनिवर्सिटी के खिलाफ सख्त कदम उठाते हुए 400 मिलियन अमेरिकी डॉलर (करीब 33 अरब रुपए) के अनुदान को रद्द कर दिया था। प्रशासन ने यूनिवर्सिटी पर यहूदी छात्रों के खिलाफ हो रहे उत्पीड़न को रोकने में विफल होने का आरोप



लगाया है। अमेरिकी शिक्षा विभाग, स्वास्थ्य एवं मानव सेवा विभाग, न्याय विभाग और सामान्य सेवा प्रशासन की जॉइंट टास्क फोर्स टु कॉम्बैट एंटी-सेमिटिज्म ने यह कार्रवाई की। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने यहूदी छात्रों की सुरक्षा करने में विफल रहने और विरोध-प्रदर्शनों की इजाजत देने वाली यूनिवर्सिटीज को फेडरल ग्रांट (संघीय वित्तीय सहायता) ने देने की चेतावनी दी है। कोलंबिया यूनिवर्सिटी ज्यूडिशियल बोर्ड ने गाजा को लेकर हुए विरोध प्रदर्शन के दौरान हैमिल्टन हॉल पर कब्जे में शामिल छात्रों पर सख्त कार्रवाई की है। अमेरिकी इमिग्रेशन विभाग के अधिकारियों ने वेस्ट बैंक की एक फिलिस्तीनी छात्रा को लेका कोर्डिया को गिरफ्तार किया है। लेका 2022 से एक्सपायर स्टूडेंट वीजा पर अमेरिका में रह रही थी। उसे अप्रैल 2024 में कोलंबिया यूनिवर्सिटी में हमास समर्थक प्रदर्शनों में शामिल होने की वजह से हिरासत में लिया गया था। इसके अलावा ट्रम्प प्रशासन ने कोलंबिया यूनिवर्सिटी में ग्रेजुएशन के स्टूडेंट महमूद खलील को गिरफ्तार किया है। खलील पर इजराइल विरोधी प्रदर्शनों में शामिल होने का आरोप है। इमिग्रेशन अधिकारियों ने खलील को डिटेंशन सेंटर भेज दिया है। खलील फिलिस्तीनी मूल का है। वह अमेरिका का स्थाई निवासी भी है।

# सुनीता विलियम्स अंतरिक्ष से धरती पर लौटेंगी

## इलॉन मस्क के रॉकेट ने उड़ान भरी; 9 महीने से स्पेस स्टेशन में फंसी हैं

एजेंसी

फ्लोरिडा, भारतीय मूल की अमेरिकी अंतरिक्ष यात्री सुनीता विलिम्स चार दिन बाद, यानी 19 मार्च को अंतरराष्ट्रीय अंतरिक्ष स्टेशन (आईएसएस) से धरती पर वापसी करेंगी। लंबे इंतजार के बाद शुक्रवार को इलॉन मस्क की स्पेस एजेंसी स्पेसएक्स का रॉकेट फॉल्कन 9 भारतीय समयानुसार करीब 4:30 बजे लॉन्च कर दिया गया। अमेरिकी अंतरिक्ष एजेंसी नासा ने फ्लोरिडा के केनेडी स्पेस सेंटर से इसे लॉन्च किया। इसमें क्रू



ड्रैगन कैप्सूल से जुड़ी चार सदस्यीय टीम आईएसएस के लिए रवाना हुई। इस मिशन को क्रू-10 नाम दिया गया है। सुनीता और उनके साथ गए बुच विलमोर नौ महीने से आईएसएस पर फंसे हैं। उनके स्पेसक्राफ्ट में तकनीकी खराबी आ गई थी, जिसकी वजह से उनकी वापसी तय समय पर नहीं हो पाई थी। नए दल में नासा की ऐनी मैकक्लेन और निकोल अयर्स, जापानी अंतरिक्ष एजेंसी जैक्सा के टकुया ओनिशी और रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के कोस्मोनॉट किरिल पेस्कोव शामिल हैं। ये चारों अंतरिक्ष यात्री आईएसएस पहुंचकर सुनीता विलियम्स, बुच विलमोर और क्रू-9 के दो अन्य सदस्यों की जगह लेंगे। क्रू-10 का स्पेसक्राफ्ट 15 मार्च को आईएसएस पर डॉक करेगा, जहां वे कुछ दिनों तक एडजस्टमेंट के बाद संचालन संभालेंगे। इसके बाद, क्रू-9 मिशन 19 मार्च के बाद किसी भी समय लौटेगा। सुनीता विलियम्स और बुच विलमोर बोइंग के स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट में सवार होकर गए थे। यह मिशन सिर्फ 8 दिन का था, लेकिन तकनीकी खराबियों के कारण 9 महीने तक अंतरिक्ष में रहना पड़ा। हालांकि, स्टारलाइनर स्पेसक्राफ्ट बाद में खाली लौट आया, लेकिन इसमें कोई बड़ी अतिरिक्त समस्या नहीं हुई। अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने स्पेस एक्स के सीईओ इलॉन मस्क से अंतरिक्ष में फंसी सुनीता विलियम्स और उनके सहयोगी बुच विल्मोर को वापस लाने का काम सौंपा है।

# हिरासत में मुझे थप्पड़ मारे, भूखा रखा गया

## रन्या राव ने डीआरआई अधिकारियों पर फिर लगाए गंभीर आरोप




एजेंसी

सोने की तस्करी के मामले में गिरफ्तार होने के बाद से जेल में बंद कन्नड़ अभिनेत्री रान्या राव ने डीआरआई के अतिरिक्त महानिदेशक को एक पत्र लिखकर आरोप लगाया है कि उन्हें हिरासत में यातना दी गई है। राव ने दावा किया कि उन्हें झूठे मामले में फंसाया जा रहा है और उन्होंने कोई सोना तस्करी नहीं की है। आरोप लगाते हुए कि उन्हें पीटा गया और 50 से 60 टाइप किए गए पन्नों और लगभग 40 खाली पन्नों पर हस्ताक्षर करने के लिए मजबूर किया गया, अभिनेत्री ने कहा कि उन्हें सोने की भी अनुमति नहीं दी गई। राव ने यह भी दावा किया कि डीआरआई अधिकारी ने उन्हें धमकी दी कि अगर उन्होंने हस्ताक्षर नहीं किए तो उनके पिता का नाम भी मामले से जोड़ दिया जाएगा। राव वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं, जो वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह वर्तमान में बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल में बंद है। राजस्व खुफिया निदेशालय (डीआरआई) ने 3 मार्च को दुबई से आने पर केम्पेगौड़ा अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर रान्या से 12.56 करोड़ रुपये के सोने की छड़ें

**राव वरिष्ठ आईपीएस अधिकारी रामचंद्र राव की सौतेली बेटी हैं, जो वर्तमान में कर्नाटक राज्य पुलिस आवास और अवसंरचना विकास निगम लिमिटेड के अध्यक्ष और प्रबंध निदेशक के रूप में कार्यरत हैं। वह वर्तमान में बेंगलुरु की परप्पना अग्रहारा जेल में बंद है।**

जब्त कीं। पत्र में रान्या राव ने आरोप लगाया कि दिल्ली के एक अधिकारी ने विमान में किसी अन्य यात्री को बचाने के लिए उसे फंसाया और बिना कुछ बताए उसे विमान के अंदर से हिरासत में ले लिया गया। राव ने आरोप लगाया कि 3 मार्च की शाम को गिरफ्तार किए जाने के बाद, उसे अगले दिन न्यायाधीश के सामने पेश किए जाने तक सोने नहीं दिया गया। उन्होंने कहा कि मुझे ठीक से सोने या खाने की भी अनुमति नहीं दी गई। वास्तव में अधिकारियों ने जानबूझकर मुझे सोने नहीं दिया। जिन अधिकारियों को मैं पहचान सकती हूँ, उन्होंने मेरे चेहरे पर करीब 10-15 बार मारा और थप्पड़ मारे। आर्थिक अपराध न्यायालय द्वारा राव की जमानत याचिका खारिज किए जाने के एक दिन बाद, अभिनेत्री ने शनिवार को सत्र न्यायालय में जमानत याचिका दायर की। उनके वकीलों ने मामले में राहत की मांग करते हुए याचिका प्रस्तुत की।


# ठुमका नहीं लगाओगे तो सस्पेंड कर दिए जाओगे

## राज नहीं फिर भी लालू के लाल का अंदाज वही, पुलिसवालों से वर्दी में कराया डांस

**तेज प्रताप यादव एक पुलिसकर्मी से कहते सुनाई दे रहे हैं, ए सिपाही, एक गाना बजाएंगे उसमें तुमको ठुमका लगाना है। बुरा ना मानो होली है। ठुमका लगाओ नहीं तो सस्पेंड कर दिए जाओगे। कुछ ही क्षण बाद, पूर्व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गाना शुरू कर देते हैं और पुलिसकर्मी भी उनके साथ शामिल हो जाता है, तथा अपने हाथ उठाकर नाचने लगता है।**

एजेंसी

राष्ट्रीय जनता दल (राजद) नेता तेज प्रताप यादव का पटना में अपने आवास पर होली समारोह के दौरान पुलिस कर्मियों को डांस करने का निर्देश देने का एक वीडियो वायरल हो गया है। वीडियो सामने आने के बाद सत्तारूढ़ एनडीए पार्टियों ने तीखी



आलोचना की है। वीडियो में तेज प्रताप यादव एक पुलिसकर्मी से कहते सुनाई दे रहे हैं, ए सिपाही, एक गाना बजाएंगे उसमें तुमको ठुमका लगाना है। बुरा ना मानो होली है। ठुमका लगाओ नहीं तो सस्पेंड कर दिए जाओगे। कुछ ही क्षण बाद, पूर्व पर्यावरण, वन एवं जलवायु परिवर्तन मंत्री गाना शुरू कर देते हैं और पुलिसकर्मी भी उनके साथ शामिल हो जाता है, तथा अपने हाथ उठाकर नाचने लगता है। इस घटना पर जनता दल (यूनाइटेड) और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) नेताओं ने तीखी प्रतिक्रिया व्यक्त की है। दोनों दलों ने राजद पर अपनी जंगल राज संस्कृति को जारी रखने का आरोप लगाया है। जेडी(यू) के राष्ट्रीय प्रवक्ता राजीव रंजन प्रसाद ने कहा कि जंगल राज खत्म हो गया है, लेकिन लालू यादव के राजकुमार एक पुलिसकर्मी को धमकी दे रहे हैं कि अगर वह उनके निर्देशों का पालन नहीं करेगा तो उसे परिणाम भुगतने होंगे। बिहार अब बदल चुका है। चाहे तेजस्वी यादव हों, तेजप्रताप यादव हों या लालू यादव के परिवार के कोई भी सदस्य हों- उन्हें यह समझने की जरूरत है कि इस बदलते बिहार के माहौल में इस तरह के कृत्यों के लिए कोई जगह नहीं है। भाजपा प्रवक्ता शहजाद पूनावाला ने भी इस घटना की आलोचना करते हुए कहा कि जैसा बाप वैसा बेटा। पहले, पिता जब मुख्यमंत्री थे, उन्होंने कानून को अपने इशारों पर नचाया और बिहार को जंगल राज में बदल दिया। अब बेटा सत्ता से बाहर होने के बावजूद धमकी और दबाव के जरिए वही करने की कोशिश कर रहा है। वह पुलिसकर्मियों को धमकी दे रहा है कि अगर वे नहीं माने तो उन्हें निलंबित कर दिया जाएगा। यह इस बात का सबूत है कि राजद जंगल राज में विश्वास करता है।

# तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये से दो इलेक्ट्रॉनिक्स क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे: वैष्णव

**जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने किस तरह तेजी से वृद्धि की है और कई लंबे समय से चल रहे निर्यात उद्योगों को पीछे छोड़ दिया है।**



एजेंसी

इलेक्ट्रॉनिक्स एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने शनिवार को कहा कि तमिलनाडु में 1,112 करोड़ रुपये की लागत से दो इलेक्ट्रॉनिक्स विनिर्माण क्लस्टर स्थापित किए जाएंगे। यहां से लगभग 55 किलोमीटर दूर श्रीपेरंबदूर में जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स की सातवीं विनिर्माण सुविधा के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग पिछले एक दशक में कई पारंपरिक उद्योगों को पीछे छोड़ते हुए देश का दूसरा सबसे बड़ा निर्यात क्षेत्र बन गया है। यह नई सुविधा, 1,000 करोड़ रुपये के निवेश का हिस्सा है, जो उपभोक्ता टिकाऊ वस्तुओं और आईटी हार्डवेयर सहित विभिन्न क्षेत्रों के लिए इलेक्ट्रॉनिक घटकों का उत्पादन करेगी और भविष्य में घरेलू और अंतरराष्ट्रीय, दोनों बाजारों की सेवा करेगी। जेटवर्क इलेक्ट्रॉनिक्स के संयंत्र के उद्घाटन के अवसर पर वैष्णव ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में इलेक्ट्रॉनिक्स उद्योग ने किस तरह तेजी से वृद्धि की है

# अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपिए, पवन कल्याण पर भड़के प्रकाश राज

## बात किसी दूसरी भाषा से नफरत करने की नहीं है, बात अपनी मातृभाषा और अपनी सांस्कृतिक पहचान को स्वाभिमान के साथ बचाने की है।

**एकल्याण ने काकीनाडा के पीथमपुरम में अपनी पार्टी के 12वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए राज्य में कथित हिंदी थोपने के संबंध में तमिलनाडु के राजनेताओं के पाखंड की कड़ी निंदा की थी और पूछा था कि वे तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति क्यों देते हैं।**

एजेंसी

आंध्र प्रदेश के उपमुख्यमंत्री पवन कल्याण की हिंदी भाषा पर टिप्पणी ने विपक्ष और इंटरनेट उपयोगकताओं दोनों की भारी नाराजगी पैदा कर दी है, अभिनेता-राजनेता प्रकाश राज भी अब जन सेना पार्टी प्रमुख पर हमला करने में शामिल हो गए हैं। एक्स पर एक पोस्ट में प्रकाश राज ने कल्याण की आलोचना की और उन पर दूसरों पर हिंदी थोपने का प्रयास करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि अपनी हिंदी भाषा हम पर मत थोपो। बात किसी दूसरी भाषा से नफरत करने की नहीं है, बात अपनी मातृभाषा और अपनी सांस्कृतिक पहचान को स्वाभिमान के




साथ बचाने की है। कोई पवन कल्याण गरु को ये बात समझाए। कल्याण ने काकीनाडा के पीथमपुरम में अपनी पार्टी के 12वें स्थापना दिवस समारोह में बोलते हुए राज्य में कथित हिंदी थोपने के संबंध में तमिलनाडु के राजनेताओं के पाखंड की कड़ी निंदा की थी और पूछा था कि वे तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति क्यों देते हैं। तमिलनाडु भाषा थोपने के विवाद को लेकर उलझा हुआ है, जो राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 की त्रि-भाषा नीति के संबंध में शुरू हुआ था। इसके अतिरिक्त, कल्याण ने कहा कि तमिलनाडु के नेता हिंदी का विरोध करते हैं, लेकिन वे वित्तीय लाभ के लिए तमिल फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं। कल्याण ने कहा कि मुझे समझ में नहीं आता कि कुछ लोग संस्कृत की आलोचना क्यों करते हैं। तमिलनाडु के राजनेता हिंदी का विरोध क्यों करते हैं जबकि वित्तीय लाभ के लिए अपनी फिल्मों को हिंदी में डब करने की अनुमति देते हैं? वे बॉलीवुड से पैसा चाहते हैं लेकिन हिंदी को स्वीकार करने से इनकार करते हैं - यह किस तरह का तर्क है?

## संक्षेप

### शराब के नशे में दो पक्षों चली लाठियां

**बुजुर्ग महिला की मौत, 14 लोग घायल; 4 आरोपी हिरासत में**

सुलतानपुर, दोस्तपुर थाना क्षेत्र के सराय समोखपुर गांव में शराब के नशे में दो पक्षों के बीच हुई झड़प में एक वृद्ध महिला की मौत हो गई। इस घटना में कुल 14 लोग घायल हुए हैं। घटना में सिकंदर पुत्र पुन्नावासी गौतम और कृष्णकुमार व रमाशंकर के बीच शराब पीने के बाद विवाद शुरू हुआ। विवाद इतना बढ़ गया कि दोनों पक्षों ने लाठियां निकाल लीं। इस झड़प में एक पक्ष से 60 वर्षीय सोनारा देवी समेत 10 लोग घायल हुए। इनमें उजागिर, सिकंदर, पंकज, राहुल, अवधेश, शिवम, शुभम, श्रवण और महिमा शामिल हैं। दूसरे पक्ष से कृष्ण कुमार, रमाशंकर, फूलचंद्र, लल्लू और पवन कुमार घायल हुए। स्थानीय लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस सभी घायलों को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले गई। गंभीर हालत में सोनारा देवी को डॉक्टरों ने अम्बेडकर नगर के टांडा अस्पताल रेफर किया, जहां इलाज के दौरान उनकी मौत हो गई। अपर पुलिस अधीक्षक अखंड प्रताप सिंह और सीओ विनय गौतम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया। सीओ ने बताया कि एक पक्ष के चार लोगों को हिरासत में लिया गया है। उन्होंने कहा कि तहरीर के आधार पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

### रंग-गुलाल के साथ मनाई होली

**डीजे और ढोल की थाप पर झूमे लोग, जुम्मे की नमाज को लेकर सुरक्षा के कड़े इंतजाम**

बांदा, जिले में होली का त्योहार धूमधाम से मनाया जा रहा है। सुबह से ही शहर से लेकर गांव तक होली की रौनक देखने को मिल रही है। जिले के विभिन्न हिस्सों में होली के गीतों की गूंज सुनाई दे रही है। लोग डीजे की धुन और ढोल की थाप पर नाचते-गाते नजर आ रहे हैं। हर जगह उत्साह और उल्लास का माहौल है। लोग एक-दूसरे को रंग-गुलाल लगाकर शुभकामनाएं दे रहे हैं। अबीर-गुलाल से सराबोर होकर होली का आनंद ले रहे हैं। जुम्मे की नमाज को देखते हुए प्रशासन ने सुरक्षा के विशेष इंतजाम किए हैं। जिलाधिकारी, पुलिस अधीक्षक और थाना अध्यक्षों सहित अधिकारियों की टीम पुलिस बल के साथ लगातार गश्त कर रही है। किसी भी आपात स्थिति से निपटने के लिए एंबुलेंस और फायर ब्रिगेड की टीम को अलर्ट मोड पर रखा गया है।

### युवक ने महिला पर की अश्लील टिप्पणी

**शिकायत पर आरोपी के परिजन भड़के, दोनों पक्षों में हुई मारपीट**

हसनपुर, कोतवाली क्षेत्र में एक महिला से की गई अश्लील टिप्पणी ने हिंसक रूप ले लिया। एक गांव में घर के बाहर खड़ी महिला से एक युवक ने अश्लील शब्द कहे। महिला ने अपने परिजनों को इसकी जानकारी दी। परिजन युवक के घर गए और उसे समझाने का प्रयास किया। आरोपी युवक के परिवार वाले इस बात पर भड़क गए। दोनों पक्षों में पहले तीखी बहस हुई।

# महाकुंभ में आतंकी हमले की साजिश का खुलासा

**बब्बर खालसा का आतंकी लाजर मसीह गिरफ्तार, होल्डिंग एरिया में विस्फोट की थी योजना**



भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

प्रयागराज, यूपी एसटीएफ ने बब्बर खालसा इंटरनेशनल के एक खतरनाक आतंकवादी लाजर मसीह को गिरफ्तार किया है। कौशांबी जिला जेल में पूछताछ के दौरान आतंकी ने कई अहम खुलासे किए हैं। आतंकी ने बताया कि वह महाकुंभ मेले में बड़ी आतंकी वारदात को अंजाम देने की योजना बना रहा था। पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आईएसआई से उसे विस्फोटक और हथगोले मिले थे। कोखराज के अलीपुर गांव के जंगल में बनी गुफा से पकड़े गए आतंकी के पास से पुलिस ने विस्फोटक सामग्री बरामद की है। जांच एजेंसी के सूत्रों के अनुसार, आतंकी बस से महाकुंभ में प्रवेश करने की कोशिश कर रहा था। लेकिन ट्रैफिक जाम के कारण बस को होल्डिंग एरिया में रोक दिया गया। इससे निराश होकर उसने अपने आकाओं से होल्डिंग एरिया में विस्फोट करने की अनुमति मांगी। हालांकि, आकाओं ने उसे ऐसा करने से मना कर दिया और सुरक्षित स्थान पर रहने को कहा। एटीएस को जांच में यह भी पता चला है कि लाजर ने मेले के दौरान कई महत्वपूर्ण जानकारियां भी इकट्ठा की थीं। एजेंसी अब इस संबंध में विस्तृत जांच कर रही है। यूपी एसटीएफ की कार्रवाई से एक बड़ी आतंकी साजिश नाकाम हो गई है। रिमांड पर लेने की तैयारीआतंकी लाजर मसीह मौजूदा समय मे कौशांबी जिला जेल की हाई सेक्युरिटी बैरक मे न्यायिक अभिरक्षा मे बंद है। उसके निगरानी करने के लिए सीसीटीवी कैमरे के अलावा जेल पुलिस के जवाब लगातार पहरेदारी कर रहे है। यूपी एसटीएफ व पंजाब पुलिस के अधिकारी होली की छुट्टियों के खत्म होते ही नए सिरे के जिला अदालत मे रिमांड की मांग करेगे। कौशांबी की कोखराज पुलिस पहले ही मामले की छानबीन अपने पास से यूपी एसटीएफ को सौप चुकी है। इसके आगे की जांच ने लिए खुफिया एजेंसी व एटीएस आतंकी से उसके राज उगलवाएगी।

## संगम स्नान करने गए दो युवक डूबे, मौत

**प्रयागराज में हुआ हादसा, मूलरूप से जम्मू-कश्मीर के रहने वाले थे युवक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



प्रयागराज, होली के दिन दोस्तों संग संगम स्नान करने गए दो युवक गंगा नदी में डूब गए। जिससे उनकी मौत हो गई। दोनों युवक झूंसी के क्रिया योग आश्रम में कार्य करते थे और मूलरूप से जम्मू - कश्मीर के डोडा जिले के रहने वाले थे। इसमें एक युवक का नाम अजीत शर्मा और दूसरा उसका साला 24 साल का विजय शर्मा है। पुलिस के मुताबिक दोनों युवकों के दोस्तों ने बताया कि दोपहर पांच लोग संगम स्नान करने के लिए गए थे। वहां सभी स्नान के दौरान नारियल से खेलने लगे।

इस बीच अजीत गहराई में चला गया और डूबने लगा। अपने जीजा को बचाने के चक्कर में उसका साला विजय शर्मा भी गहराई में चला गया और वह भी डूबने लगा। दोनों को डूबता देख, मौके पर मौजूद बाकी दोस्त शोर मचाने लगे और मदद की गुहार लगाने लगे। शोर सुनकर मौके पर जल पुलिस के जवान पहुंचे, लेकिन तब तक दोनों डूब चुके थे। करीब आधा घंटा की मशक्कत के बाद जल पुलिस ने दोनों को बाहर निकाला। उस समय तक उनकी मौत हो चुकी थी। दारागंज थान प्रभारी ज्ञानेश्वर मिश्र ने बताया कि दोनों करीब दो-तीन साल से क्रियायोग आश्रम में रहकर काम करते थे। हादसे की जानकारी उनके परिजनों को दे दी गई है। वहीं घटना को लेकर जल पुलिस प्रभारी जनार्दन साहनी ने बताया कि पानी में युवकों को खेलता देखकर उनकों रोका गया था। उसके बाद भी उन्होंने एक नहीं सुनी। जल पुलिस की चेतावनी की अनदेखी करके वह गहराई में चले गए। जिसके कारण यह हादसा हुआ।

## कांशीराम को किया गया याद

- सपा कार्यालय में श्रद्धांजलि सभा, जिलाध्यक्ष समेत कई नेताओं ने किया नमन

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी जिला, गौरीगंज स्थित समाजवादी पार्टी कार्यालय में शनिवार को कांशीराम की जयंती पर विशेष श्रद्धांजलि सभा का आयोजन किया गया। सपा पदाधिकारियों और कार्यकताओं ने कांशीराम के चित्र पर माल्यार्पण किया। सपा जिलाध्यक्ष राम उदित यादव ने कहा कि कांशीराम ने वंचितों, शोषितों और पिछड़े वर्ग के अधिकारों के लिए संघर्ष किया। उन्होंने समाज में समानता और सामाजिक न्याय की स्थापना के लिए अपना जीवन समर्पित कर दिया। यादव ने कार्यकताओं से कांशीराम के विचारों को आत्मसात कर समाज में सद्भाव और भाईचारे को बढ़ावा देने का आह्वान किया। कार्यक्रम में इन लोगों की रही मौजूदगी कार्यक्रम में के. डी. सरोज, गुंजन सिंह, राकेश कौहार, सी. पी. यादव और दीपू तिवारी मौजूद रहे। लोहिया वाहिनी के जिलाध्यक्ष सूबेदार यादव, अशोक यादव, अभिषेक शुक्ला, रोहित वाल्मीकि, प्रतिभा यादव



और अनिल यादव सहित अन्य पार्टी पदाधिकारी भी उपस्थित थे। सपा प्रवक्ता राजेश मिश्र ने कहा कि कांशीराम के सामाजिक समानता और वंचित वर्ग के अधिकारों के लिए किए गए संघर्ष से आज भी समाज को दिशा मिल रही है।

## सिंगारपुर में धूमधाम से मनाया गया रंगों का त्यौहार होली, जमकर उड़े गुलाल

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क /कृष्णा सिंह



खानपुर, गाजीपुर। स्थानीय क्षेत्र के सिंगारपुर में रंगों का त्यौहार होली बड़े धूमधाम से मनाया गया। क्या अमीर, क्या गरीब सभी एक ही रंग में नजर आ रहे थे। हर तरफ होली की धूम थी। बच्चे, बूढ़े, जवान सभी होली की मस्ती में चूर थे। सभी ने जमकर रंग गुलाल उड़ाए। रंग बरसै, भीगे चुनर वाली रंग बरसै, होली के दिन दिल मिल जाते हैं, रंगों में रंग खिल जाते हैं, जोगिरा सारारा... आदि भोजपुरी होली के गीतों की धुन पर जगह-जगह युवा नाचते नजर आए। गुरुवार को होलिका दहन स्थल पर श्रद्धालु होली गीत गाते हुए पहुंचे और विधि-विधान से होलिका की पूजा हुई होलिका दहन कार्यक्रम के बाद सुबह से शुरू हुआ होली गीतों का कार्यक्रम जो 3 बजे दोपहर तक चला। रंग का दौर थमने के बाद लोगों का एक दूसरे के घरों पर जाकर गले मिलने का सिलसिला शुरू हुआ जो देर शाम तक चलता रहा। होली में लजीज व्यंजनों के बिना त्योहार अधूरा माना जाता है। पुड़ी पनीर, पुआ, कांजीबड़ा, दहीबड़ा के साथ मुख्य पकवान गुझिया भी बनाया गया था। इन्हीं व्यंजनों से अतिथियों का स्वागत किया गया। खानपुर थाना क्षेत्र के सिंगारपुर, तरायें, बेलहरी, नेवादा, जबरनपुर, चांदपुर, सेमरा, मठ सरैया, मौधा, नायकडीह में थाना प्रभारी इंचार्ज प्रवीण यादव एवं समस्त स्टाफ के नेतृत्व में बड़े ही शांति सौहार्द से होली का त्यौहार मनाया गया। गौरतलब हो कि होली के समाजसेवी मुकेश सिंह गेंदी, उत्तर प्रदेश लोक चेतना के संगठन मंत्री निशांत बरनवाल, मनोज सिंह भंटू, नागेन्द्र सिंह, लाल बहादुर सिंह, धीरेन्द्र सिंह बंटी, नथुनी गौड़, सीपक खैरवार, क्षमा सिंह, प्रतिमा सिंह, राम कुमार सिंह सहित तमाम क्षेत्रवासियों ने एक दूसरे को होली की बधाई देते हुए अबीर गुलाल लगाया एवं प्रशासन के आदेशों का पालन करते हुए बड़े ही शांति पूर्वक होली का त्योहार मनाया।

## ग्राम सभा की जमीन पर अवैध कब्जे का मामला

- जगदीशपुर में प्रधान के खिलाफ सैकड़ों लोगों का प्रदर्शन, कार्रवाई की मांग

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क

अमेठी, ब्लॉक के ग्राम पंचायत जलालपुर में ग्राम प्रधान सुधाकर शर्मा पर गंभीर आरोप लगे हैं। सैकड़ों ग्रामीणों ने हाईवे किनारे एकत्रित होकर प्रधान के विरुद्ध प्रदर्शन किया। ग्रामीणों का आरोप है कि प्रधान ग्राम सभा की कीमती जमीन पर अवैध कब्जा कर रहे हैं। वे इस जमीन को बाहरी लोगों को बेच रहे हैं। अलमासगंज वारसी पेट्रोल पंप के सामने ग्राम सभा की जमीन पर उन्होंने दो मंजिला मकान का निर्माण करा दिया है। प्रधान ने पहले ग्रामीणों को बताया था कि इस जमीन पर सरकारी राशन की दुकान बनाई जाएगी। लेकिन अब वहां उनका निजी मकान बन चुका है। आक्रोशित ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि अगर निर्माण कार्य नहीं रुका तो वे



जिलाधिकारी कार्यालय का घेराव करेंगे। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए जगदीशपुर कोतवाल के नेतृत्व में पुलिस बल मौके पर पहुंचा। पुलिस ने मामले को शांत कराया।

## रील के चक्कर में जान जोखिम में डाल रहे युवा

**बाइक का हैंडल छोड़कर स्टंट करता दिखा युवक**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी तहसील, सोशल मीडिया पर रील बनाने की होड़ में एक युवक ने अपनी जान जोखिम में डाल दी। दुगार्पुर रोड पर युवक ने बाइक का हैंडल छोड़कर खतरनाक स्टंट किया। उसके साथी ने इस पूरी हरकत का वीडियो बनाया।

वीडियो में युवक तेज रफ्तार बाइक पर बिना हैंडल पकड़े स्टंट करता दिख रहा है। लोगों ने इसे सड़क सुरक्षा के लिए खतरनाक बताया है। स्थानीय पुलिस ने वीडियो का संज्ञान ले लिया है। पुलिस स्टंट करने वाले युवक की पहचान करने में जुटी है। क्षेत्र के नागरिकों ने ऐसे स्टंट करने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की है। यातायात पुलिस ने युवाओं से सड़क पर खतरनाक स्टंट न करने की अपील की है। पुलिस का कहना है कि इससे न केवल स्टंट करने वाले की जान को खतरा है। सड़क पर चलने वाले अन्य लोगों की सुरक्षा भी खतरे में पड़ सकती है। पुलिस ने स्टंट करने वालों के खिलाफ कानूनी कार्रवाई की चेतावनी दी है।

## होली खेलने के विवाद में चले लाठी-डंडे

**गोंडा थाना क्षेत्र में हुआ विवाद, सोशल मीडिया पर वायरल हुआ वीडियो**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अलीगढ़, गोंडा थाना क्षेत्र के गांव गहलऊ में होली खेलने के दौरान दो पक्षों में विवाद हो गया। देखते ही देखते दोनों पक्ष आपस में भिड़ गए और पक्षों के बीच गाली गलौज और हाथापाई की स्थिति बन गई। दोनों पक्ष लाठी-डंडे लेकर सड़क पर उतर आए और जमकर मारपीट शुरू हो गई। लगभग आधे घंटे तक विवाद चलता रहा, जिसके बाद लोगों ने पुलिस को सूचना दी। हंगामे की सूचना पाकर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों को शांत कराया और मामले की जांच शुरू कर दी। वहीं इस मामले का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो रहा है। गांव के लोगों ने पुलिस को बताया कि दोनों पक्षों में रंग लगाने को लेकर विवाद हुआ था। पहले गाली गलौज हो रही थी, जिसमें महिलाएं भी बीच में आ गई। इसके बाद मारपीट शुरू हो गई। मारपीट में दोनों पक्षों के मामूली चोटें भी आई हैं। वहीं मामले की जानकारी मिलने पर पहुंची पुलिस ने दोनों पक्षों के लोगों को हिरासत में लिया और घायलों को प्राथमिक उपचार के लिए अस्पताल भेज दिया। मारपीट करने वाले दोनों पक्षों के लोगों से पुलिस पूछताछ कर रही है, जिसके बाद आगे की कानूनी कार्रवाई की जाएगी। घटना के बाद पुलिस ने तत्काल गांव में फोर्स तैनात कर दी। जिससे कि शांति व्यवस्था बनी रहे और इलाके में किसी तरह के विवाद की स्थिति दुबाना न बनें। वहीं गांव के लोगों को यह भी हिदायत दी गई कि वह शांति और प्रेम के साथ त्योहार मनाए और माहौल खराब न करें। सीओ इगलास एएसपी भंवरे दीक्षा ने बताया कि आरोपियों को हिरासत में ले लिया गया है और पूछताछ की जा रही है। मामले में अगर तहरीर मिलेगी तो मुकदमा दर्ज किया जाएगा। इलाके में फोर्स तैनात कर दी गई है, जिससे कानून व्यवस्था बनी रहे।

## होली के दिन मारपीट में कार्रवाई

**अमरोहा में अलग-अलग जगहों से 11 आरोपी गिरफ्तार, शांतिभंग में चालान**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमरोहा, होली के त्योहार पर शांति भंग करने का मामला सामने आया है। होली के दिन अलग-अलग स्थानों पर हुई मारपीट के मामले में पुलिस ने 11 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। अमरोहा देहात थाना प्रभारी बालेंद्र सिंह ने बताया कि गिरफ्तार आरोपियों में अमन दीप, विकास, विनीत शर्मा, नवजोत, गोरांक गुप्ता, अभय वर्मा, मनीष रघुवंशी, छोटू, हिमांशु, आकाश रघुवंशी और राज रघुवंशी शामिल हैं। कई इलाकों के रहने वाले हैं आरोपी ये सभी आरोपी अमरोहा के विभिन्न इलाकों के रहने वाले हैं। इनमें तहसीन, सुबोधनगर, अहमदनगर, कटरा गुलाम अली, कोट, बड़ा बाजार मंडी चौब, कुरैशी, आवास विकास कालोनी और हयातनगर क्षेत्र के निवासी शामिल हैं। पुलिस ने सभी आरोपियों को हिरासत में लेकर थाने ले जाया है। होली का त्योहार शहर में धूमधाम से मनाया गया, लेकिन कुछ लोगों ने शांति भंग कर मारपीट की।

## चौकी इंचार्ज की दादागिरी

**डीजे विवाद में व्यापारी और उसके परिवार से मारपीट, सैकड़ों दुकानदारों ने किया विरोध**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



अमेठी जिला, संग्रामपुर थाना क्षेत्र में टीकरमाफी चौकी इंचार्ज की कार्रवाई से व्यापारियों में रोष फैल गया। डीजे को लेकर हुए विवाद में चौकी प्रभारी इंद्रेश कुमार ने एक व्यापारी और उसके परिवार से मारपीट की। घटना की जानकारी मिलते ही कस्बे के सैकड़ों व्यापारी एकजुट हो गए। उन्होंने पुलिस चौकी का घेराव कर विरोध प्रदर्शन किया। मामले की गंभीरता को देखते हुए उद्योग व्यापार प्रतिनिधिमंडल के जिला अध्यक्ष महेश सोनी अपने सहयोगियों के साथ मौके पर पहुंचे। इसके बाद संग्रामपुर थाना प्रभारी संदीप राय भी घटनास्थल पर आए। व्यापार मंडल के जिला अध्यक्ष और थाना प्रभारी के आश्वासन पर आक्रोशित व्यापारियों का गुस्सा शांत हुआ। पीड़ित व्यापारी ने संग्रामपुर थाना प्रभारी को आरोपी चौकी प्रभारी इंद्रेश कुमार के खिलाफ शिकायती पत्र सौंपा है। थाना प्रभारी ने कार्रवाई का आश्वासन दिया है।

## स्क्रैप लुटेरों से पुलिस की मुठभेड़

**4 बदमाश गोली लगने से घायल, 50 लाख का स्क्रैप हुआ बरामद**

भारत संवाद न्यूज नेटवर्क



मथुरा, थाना कोसी कलां क्षेत्र में थाना पुलिस और एसओजी टीम की स्क्रैप लुटेरों से मुठभेड़ हो गई। मुठभेड़ में 4 बदमाश गोली लगने से घायल हो गए। जिसके बाद पुलिस ने घायल बदमाशों सहित 6 बदमाश गिरफ्तार कर लिए। पुलिस ने आरोपियों के पास से 50 लाख का स्क्रैप बरामद किया। ट्रक चेन्नई से मेटल एंड एलॉयस पिल्लर कोडल इंडस्ट्रीज से स्क्रैप लेकर कुंडली हरियाणा के लिए निकला। ट्रक को अलवर का रहने वाला असलम चला रहा था। ट्रक में 7 टन से ज्यादा स्क्रैप भरा हुआ था। ट्रक 8 मार्च को जैसे ही थाना कोसी क्षेत्र में पहुंचा तभी उसमें लगे जीपीएस ने काम करना बंद कर दिया। इसके अलावा ड्राइवर असलम से भी संपर्क नहीं हुआ। ट्रक के संदिग्ध परिस्थितियों में गायब होने के बाद कंपनी में काम करने वाले विक्रम सिंह मथुरा पहुंचे और एसएसपी से मुलाकात कर मामले की जानकारी दी। जिसके बाद एसएसपी शैलेश पांडे ने थाना कोसी पुलिस को इस मामले में एफआईआर दर्ज करने के आदेश देते हुए आरोपियों की तलाश करने के लिए कहा। इसके साथ ही इस मामले का खुलासा करने के लिए कोसी पुलिस के साथ एसओजी टीम को भी लगा दिया। कोसी पुलिस ने बीएनएस की धारा 306 में मुकदमा दर्ज कर लिया।

स्वामी, प्रकाशक, मुद्रक, अरविन्द कुमार शर्मा द्वारा एफ.एल.टी.-एल.जी.-75, आर.एम. 4/4, इंदिरा नगर, सुंदर बाग, आर.डी. कुर्ला (प.) मुम्बई, 400070 महाराष्ट्र से प्रकाशित एवं एस.आर. पब्लीकेशन, मोहन अर्जून कम्पाउंड गोदाम नं. 8,9,10 नीयर घाटन पाड़ा, वैशाली नगर, लास्ट बस स्टाप, दहिसर (पूर्व), मुम्बई 400068 महाराष्ट्र से मुद्रित।। सम्पादक- खुशीराम शर्मा ।।
EMail-bsmumbai2017@gmail.com किसी भी विवाद का न्याय क्षेत्र मुम्बई न्यायालय ही होगा। 02248253669,8097049935,9935750291 RNI No-MAHHIN2017/74173 संपर्क का कार्यालय- 66/68 भाखरिया बिल्डिंग मीना मेहता मार्ग मोदी स्ट्रीट मुम्बई 400001 भारत संवाद सिटी ऑफिस- फ्लैट नंबर 24, सेकंड फ्लोर, कांटेक्टर बिल्डिंग, ब्लार्ड स्टेट, वजू कोटक मार्ग, शहीद भगत सिंह रोड, फोर्ट, मुंबई 400001 महाराष्ट्र।